MOU Holder and Distributors
RN
METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

NA
Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । मंगलवार, 26 मार्च, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 10 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-85

# 495 वर्ष बाद रामलला ने भव्य महल में खेली होली

## ○ देशभर से उमड़े लोग, जश्न का माहौल ○





**अयोध्या, 25 मार्च (एजेंसियां)।** रामनगरी की होली इस बात बेहद खास रही। राम मंदिर वाली होली को लेकर अयोध्या में जबरदस्त उल्लास नजर आया। भगवान श्री रामलला ने भी 495 साल बाद भव्य महल में होली खेली। इस दौरान देश भर के लिए मंदिर पहुंचे। अयोध्या में होली की सुबह सबसे पहले मठ मंदिरों में विराजमान भगवान को अबीर गुलाल अर्पित कर होली खेलने की अनुमति मांगी गई। इसके बाद पूरी अयोध्या रंग उत्सव के उल्लास में डूब गई।

रामलला के दरबार में पुजारियों ने रामलला के ऊपर पुष्पों की वर्षा कर अपने आराध्य के साथ होली खेली। उनके राग भोग और श्रृंगार के क्रम में उन्हें अबीर गुलाल अर्पित किया गया। 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। पुजारी ने भी रामलला को होली के गीत सुनाए। राम जन्म भूमि परिसर में रामलला के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु भी होली के गीतों पर नाचते, झूमते, गाते नजर आए। इसी तरह पूरी रामनगरी में होली का उल्लास छाया रहा।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला अपनी पहली होली मना रहे हैं। उनकी मोहक मूर्ति को फूलों से सजाया गया है। माथे पर गुलाल लगाया गया है। गुलाबी पोशाक पहने रामलला की मूर्ति आकर्षित कर रही है। रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला के दरबार पहुंचे और अपने आराध्य के दर्शन कर कृतार्थ हुए। रामलला की होली के लिए मंदिर की ओर से विशेष तैयारी की गई है।

## बेगूसराय में 100 साल से खेली जा रही अनोखी होली



**बेगूसराय, 25 मार्च (एजेंसियां)।** बिहार के बेगूसराय के मटिहानी गांव में मथुरा और वृंदावन की तर्ज पर होली मनाई जाती है। जिले के मटिहानी गांव में होली पर्व को लोगों द्वारा अद्भुत तरीके से मनाया जाता है। सभी एक-दूसरे के ऊपर पिचकारी से रंग डालते हैं। इस दौरान गांव का माहौल एकदम मनभावन सा हो जाता है। मटिहानी गांव के लोगों ने बताया कि 100 वर्षों से मटिहानी गांव में वृंदावन और मथुरा से भी बेहतरीन तरीके से इस गांव में होली मनाई जाती है। इस दौरान उन्होंने कहा कि परंपरा के तहत होली के एक दिन पहले से ही गांव में होली मनाई जाती है। बेगूसराय के मटिहानी प्रखंड के मटिहानी गांव में होली के दौरान सात कुओं पर दो दिनों तक रंग-गुलाल की बरसात होती है। कुंओं में ही रंग घोल दिया जाता है और उसे निकाल कर अलग-अलग टोलियां एक-दूसरे पर ▶6पर

भारतीय लोकतंत्र की अजीबोगरीब दशा

# जेल के अंदर से 'मुख्यमंत्री' दे रहे आदेश

**नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसियां)।** अरविंद केजरीवाल की ओर से ईडी के रिमांड में रहते हुए सरकारी आदेश जारी किए जाने का जांच एजेंसी ने संज्ञान लिया है। ईडी जांच कर रहा है कि क्या ऐसा निर्देश जारी करना पीएमएलए कोर्ट की ओर से दिए गए आदेश के दायरे में है? सवाल है कि क्या हिरासत के दौरान केजरीवाल सरकार चलाने के लिए जरूरी दस्तावेजों पर साइन कर सकते हैं? कोर्ट के आदेश के अनुसार केजरीवाल प्रतिदिन शाम छह से सात के बीच आधा घंटा अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल और निजी सहायक बिभव कुमार से और आधा घंटा अपने वकीलों से मिल सकते हैं।

इससे पहले शराब घोटाले में पकड़े गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से सरकार चलाने के अपने दावे को सच करते हुए शनिवार को ईडी की कैद से अपना पहला आदेश जारी किया। यह आदेश जल मंत्रालय से जुड़ा हुआ है। केजरीवाल ने जल मंत्री आतिशी को दिल्ली के कई इलाकों में पेयजल और सीवर समस्या का




## ईडी ने लिया संज्ञान, जांच में यह भी शामिल

समाधान करने का निर्देश दिया। आतिशी ने खुद मीडिया के सामने रविवार को इसका खुलासा किया। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री को पता चला कि दिल्ली के कुछ इलाकों में पानी और सीवर की काफी समस्याएं हो रही हैं। इसे लेकर वह चिंतित हैं।

आतिशी ने कहा, सीएम का मानना है कि उनके जेल में होने के कारण लोगों को जरा भी तकलीफ नहीं होनी चाहिए। गर्मियां भी आ रही हैं, इसलिए उन्होंने ईडी की हिरासत में रहते हुए शनिवार को आदेश दिया कि जहां पानी की कमी है, वहां उचित संख्या में टैंकरों का इंतजाम किया जाए। मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों को उचित आदेश दिए जाएं ताकि जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान हो। इस मामले में जरूरत पड़ने पर उपराज्यपाल की भी मदद लें।जेल से दिल्ली सरकार चलाने पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, जेल से गिरोह चलते हैं, सरकारें नहीं। तिवारी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को एक सफर स्वराज से शराब तक करार दिया। उन्होंने केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह वीडियो में सीएम की कुर्सी पर बैठी दिखीं। इस कुर्सी पर बैठने में उन्हें कोई शर्म नहीं महसूस हुई।

## वायनाड में राहुल गांधी का वही हश्र होगा जो अमेठी में हुआ था



**नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसियां)।** देश में इन दिनों चुनावी माहौल है। सत्ताधारी भाजपा ने रविवार को 111 और उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया। पांचवीं सूची में पार्टी ने वायनाड सांसद राहुल गांधी के सामने के. सुरेंद्रन को उतारा है। सुरेंद्रन केरल भाजपा के अध्यक्ष हैं।

पार्टी द्वारा उम्मीदवार बनाए जाने के बाद सुरेंद्रन ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता को अमेठी जैसा ही परिणाम का सामना करना पड़ेगा। सुरेंद्रन ने कहा, वायनाड एक ऐसा निर्वाचन क्षेत्र है जहां विकास का संकट है। राहुल गांधी ने इस निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया है। वायनाड में उनका वही हश्र होगा जो पिछली बार उन्होंने अमेठी में किया था।

वायनाड सीट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2019 में 4 लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। राहुल ने पिछली बार सीपीआई के पीपी सुनीर को 4.31 लाख से अधिक वोटों के अंतर से हराया था। भाजपा की सहयोगी भारत धर्म जन सेना (बीडीजेएस) ने तुषार वेल्लापल्ली को मैदान में उतारा था। एनडीए उम्मीदवार को केवल 78,816 वोट (7.25 प्रतिशत) वोट मिले थे। वायनाड से मौजूदा सांसद राहुल गांधी के प्रतिद्वंद्वी भाजपा केरल प्रमुख के सुरेंद्रन होंगे। जबकि वाम मोर्चा ने वरिष्ठ सीपीआई नेता एनी राजा को मैदान में उतारा है।

सुरेंद्रन ने कहा, केंद्रीय नेतृत्व ने मुझे एक जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में लड़ने के लिए कहा है। वायनाड के लोग निश्चित रूप से पूछेंगे कि विपक्षी गठबंधन के वरिष्ठ नेता एक ही निर्वाचन क्षेत्र में एक-दूसरे से क्यों चुनाव लड़ रहे हैं। ▶6पर

कांग्रेस का हाल बदहाल

## होली मिलन कार्यक्रम में जमकर चले लात-घूंसे

**फरीदाबाद, 25 मार्च (एजेंसियां)।** फरीदाबाद में रविवार को होली मिलन कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसी नेता आपस में भिड़ गए। बात गाली गलौज से शुरू होकर मारपीट तक आ गई। हैरत की बात यह है कि सारा ड्रामा पूर्व मंत्री व कांग्रेस अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप की मौजूदगी में होता रहा।

काफी समझाने के बाद भी जब मामला शांत नहीं हुआ तो महेंद्र प्रताप मंच छोड़कर चले गए। झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कांग्रेसी नेता सुमित गौड़ ने रविवार को सेक्टर-18 में हुडा मार्केट स्थित अपने कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया था। मंच पर पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप भाषण दे रहे थे। इसी दौरान तिगांव से पूर्व विधायक ललित नागर कार्यक्रम में आ गए। मंच के सामने सोफे पर बैठने को लेकर ललित नागर और कांग्रेसी नेता महेंद्र शर्मा के बीच बहस हो गई।

गोवा में पहली बार भाजपा की महिला प्रत्याशी

# उद्योगपति पल्लवी डेम्पो को टिकट



**पणजी, 25 मार्च (एजेंसियां)।** डेम्पो इंडस्ट्रीज की कार्यकारी निदेशक पल्लवी डेम्पो गोवा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं। वह चुनावी इतिहास में पहली महिला उम्मीदवार हैं जो पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरी हैं।

भाजपा ने रविवार को आम चुनावों के लिए 111 उम्मीदवारों की अपनी नवीनतम सूची में दक्षिण गोवा से डेम्पो को उम्मीदवार घोषित किया। गोवा की उद्यमी और शिक्षाविद्, पल्लवी के पास एमआईटी, पुणे से रसायन विज्ञान में स्नातक की डिग्री और व्यवसाय प्रबंधन (एमबीए) में स्नातकोत्तर की डिग्री है। वह अपने कार्यकारी निदेशक के रूप में डेम्पो इंडस्ट्रीज की मीडिया और रियल एस्टेट शाखा की देखरेख करती हैं।

दक्षिण गोवा सीट का प्रतिनिधित्व वर्तमान में कांग्रेस नेता फ्रांसिस्को सरदिन्हा कर रहे हैं। 1962 के बाद से भाजपा ने इस सीट पर केवल दो बार जीत हासिल की है। दरअसल, साउथ गोवा लोकसभा सीट के दायरे में 20 विधानसभा सीटें आती हैं। इससे पहले हुए चुनावों में महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी, यूनाइटेड गोअन्स पार्टी और कांग्रेस के ही प्रत्याशी चुने जाते रहे हैं। हालांकि, 1999 और 2014 के चुनाव में भाजपा ने यह सीट जीती, लेकिन इसे बरकरार नहीं रख पाई। डेम्पो के पति श्रीनिवास डेम्पो एक प्रसिद्ध उद्योगपति हैं जो गोवा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (जीसीसीआई) के प्रमुख हैं। डेम्पो परिवार ने लड़कियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ग्रामीण स्कूल दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के तहत सरकारी उच्च विद्यालयों को गोद लिया है। वहीं, पल्लवी डेम्पो इंडो-जर्मन एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसाइटी की अध्यक्ष हैं, जो जर्मनी और गोवा के बीच सांस्कृतिक संवर्धन में योगदान देती है। वह मोडा गोवा फाउंडेशन की ट्रस्टी हैं, जो वेंडेल रॉड्रिक्स द्वारा शुरू किया गया ▶6पर

## पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत 1.73 लाख दावों का निपटारा

**नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) से जुड़े आंकड़े सामने आए हैं। वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी ने दावा किया कि 2015 में लॉन्च होने के बाद से इस योजना के तहत तकरीबन 1.73 लाख क्लेम का निपटारा किया गया है, जो 2610 करोड़ रुपए है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र ने फरवरी तक पीएमएसबीवाई के तहत 96 प्रतिशत दावों का निपटान कर दिया है। पीएम सुरक्षा बीमा योजना किसी दुर्घटना के कारण मृत्यु या विकलांगता के कारण बीमा कवरेज प्रदान करने वाली योजना है।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY)

पीएमएसबीवाई की जुड़ी जानकारी देते हुए अधिकारी ने कहा कि अब तक इस योजना के तहत 43.29 करोड़ लोगों का बीमा किया जा चुका है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 9 मई 2015 को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई थी। जिसका उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग के लोगों के लिए एक किफायती बीमा योजना प्रदान करना है।पीएमएसबीवाई एक साल की दुर्घटना बीमा योजना है, जिसे साल-दर-साल नवीनीकृत किया जाता है।

जो किसी दुर्घटना के कारण मृत्यु या विकलांगता के लिए कवरेज प्रदान करती है। 18-70 आयु वर्ग के लोग जिनके पास बचत बैंक खाता या डाकघर खाता है, वे योजना के तहत नामांकन के हकदार हैं। पीएमएसबीवाई एक साल की दुर्घटना बीमा योजना है, जो योजना में नामांकन करने वाले लोगों के लिए मृत्यु या विकलांगता कवरेज प्रदान करती है। प्रीमियम प्रति सदस्य 20 रुपए प्रति वर्ष और कवरेज 1 जून से 31 मई तक एक वर्ष के लिए वैध होता है।

TIBCON
CAPACITORS
It's all about
SAVING ENERGY
AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59

मौसम हैदराबाद
अधिकतम : 37°
न्यूनतम : 25°

## कंगना पर विवादित पोस्ट के बाद घिरी सुप्रिया श्रीनेत



**नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता और राष्ट्रीप प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत से जुड़े एक पोस्ट को लेकर जमकर बवाल मचा हुआ है। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि भाजपा का मंडी से लोकसभा टिकट पाने वाली अभिनेत्री कंगना राणावत पर सुप्रिया श्रीनेत ने विवादित टिप्पणी और पोस्टरबाजी की है। हालांकि कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत का दावा है कि उनके नाम से सोशल मीडिया में कई पैरोडी अकाउंट हैं, जिससे ऐसी घिनौनी हरकत की गई है।

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि जो लोग मेरे बेहद करीब रहे हैं या मेरे साथ काम किया है, उन्हें पता है कि मैं किसी भी महिला के लिए ऐसा विवादित बयान नहीं दे सकती हूं। उन्होंने पोस्ट में दावा किया है मेरे नाम से कई पैरोडी अकाउंट बनाए गए हैं। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि मुझे अभी पता चला कि सोशल मीडिया पोस्ट पर मेरे नाम के कई पैरोडी अकाउंट चल रहे हैं, जिनका दुरुपयोग फर्जी पोस्ट करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि एक अकाउंट चलाया जा रहा है, जहां से कुछ अराजक तत्वों ने इस घृणित कृत्य को अंजाम दिया। हालांकि मैंने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखा दी है।

गौरतलब है कि भाजपा ने बीते रविवार को लोकसभा चुनाव के अपने उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी की थी। जिसमें हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से अभिनेत्री कंगना राणावत को भाजपा ने चुनावी मैदान में आता है। ▶6पर

### सुप्रिया श्रीनेत की आपत्तिजनक पोस्ट पर कंगना का पलटवार

**मुंबई, 25 मार्च (एजेंसियां)।** कंगना राणावत को हाल ही में भाजपा ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोकसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। उनके नाम की घोषणा के बाद से ही नेताओं समेत फिल्मी सितारों की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इस बीच कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने अभिनेत्री को लेकर एक ऐसा पोस्ट कर दिया है, जिससे विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, सुप्रिया ने कंगना की एक तस्वीर के साथ एक आपत्तिजनक पोस्ट साझा की थी, जिसके बाद से भाजपा के नेता कांग्रेस पर जमकर हमला बोल रहे हैं। हालांकि, बाद में यह पोस्ट डिलीट कर दी गई, लेकिन इस मामले पर विवाद थमता नहीं दिख रहा है। अब इस पोस्ट पर कंगना राणावत की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। ▶6पर

## धार भोजशाला में एएसआई का वैज्ञानिक सर्वे चौथे दिन भी जारी



**धार, 25 मार्च (एजेंसियां)।** धार की भोजशाला में एएसआई की टीम चौथे दिन भी वैज्ञानिक सर्वे कर रही हैं। भोजशाला के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। वहीं, मुस्लिम पक्षकार ने सर्वे टीम पर एक समुदाय की टीम होने का आरोप लगाया है।

मध्य प्रदेश के धार की भोजशाला में चल रहा एएसआई का वैज्ञानिक सर्वे का सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। यहां सुबह 7:50 पर एएसआई की टीम ने प्रवेश किया। वहीं, इस सर्वे के साथ-साथ मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद द्वारा लगातार पूरे वैज्ञानिक सर्वे पर रोज अलग-अलग सवाल खड़े किए जा रहे हैं और सर्वे टीम पर भी आरोप लगाए जा रहे हैं। इसको लेकर मुस्लिम पक्ष के आरोपों पर ही सवाल खड़े होने लगे हैं। दरअसल, सर्वे के तीसरे दिन रविवार को भोजशाला के पिछले हिस्से में कुछ चिन्हित स्थानों पर ▶6पर




## कार्टून कॉर्नर



# जेएनयू छात्रसंघ पर वाम गठबंधन का कब्जा

## धनंजय अध्यक्ष और प्रियांशी बनी महासचिव

**नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसियां)।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ (जेएनयूएसयू) चुनाव में वामपंथी गठबंधन को जीत मिली है। रविवार देर रात घोषित नतीजों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व संयुक्त सचिव पद पर वामपंथी प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। महासचिव पद पर बापसा को जीत मिली है। शुक्रवार को हुए मतदान में 73 फीसदी मत पड़े थे।

वामपंथी गठबंधन में आइसा, एसएफआई, डीएसएफ व एआईएसएफ शामिल हैं। आइसा के धनंजय ने छात्रसंघ अध्यक्ष, एसएफआई के अवजीत घोष उपाध्यक्ष और एआईएसएफ के साजिद ने संयुक्त सचिव पर जीत हासिल की है। वहीं, बिरसा अंबेडकर फुले स्टूडेंट्स एसोसिएशन (बापसा) से प्रियांशी आर्या महासचिव बनी हैं। खास बात यह है कि बापसा ने पहली बार महासचिव पद जीता है। प्रियांशी उत्तराखंड के हल्द्वानी की रहने वाली हैं।



चुनाव में वोटों के आधार पर एबीवीपी दूसरा सबसे बड़ा छात्र संगठन बना है। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव समिति के चेयरपर्सन शैलेंद्र कुमार के मुताबिक, धनंजय को 2,598 वोट मिले हैं और उन्होंने एबीवीपी के उमेश को 922 वोट से हराया है। अवजीत घोष को 2,409 वोट मिले हैं और उन्होंने एबीवीपी की दीपिका को 927 वोट से हराया है। प्रियांशी को 2,887 वोट मिले और उन्होंने एबीवीपी के अर्जुन आनंद को 926 वोट से हराया है। वहीं, एआईएसएफ के 2,574 वोट हासिल करने वाले साजिद ने एबीवीपी के ही गोबिंद डांगी को 508 वोट से हराया है। साजिद यूपी के मऊ जिले के रहने वाले हैं।

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के नतीजे लाल और नीले झंडे को सलाम करने वाले आए हैं। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव पद की सीट वामदल गठबंधन तो महासचिव बापसा को मिली है। सेंट्रल पैनल की सीटों पर रविवार देर शाम रुझान लेफ्ट की ओर जाते ही ढोल-डफली पर छात्रों ने लाल सलाम के नारे लगाने शुरू कर दिए। लेफ्ट छात्रों ने चुनाव नतीजे जारी होने से पहले ही होली खेलते हुए लाल सलाम के नारे लगाते हुए लाल झंडे को फहराना शुरू कर दिया था। मतगणना स्थल पूरा लाल झंडों और लाल सलाम से ही गूंज रहा था।

लाल के बीच नीला झंडा लहराती प्रियांशी ने जेएनयू छात्रसंघ चुनाव इतिहास में अपना नाम लिख दिया है। बापसा को पहली बार सेंट्रल पैनल में महासचिव पद उत्तराखंड के हल्द्वानी की प्रियांशी की जीत के साथ मिला है। बेशक लेफ्ट बापसा को अपना समर्थन देने की बात कर रहा था, लेकिन मतगणना स्थल पर बापसा अपने नीले झंडे के साथ अलग जीत का जश्न मना रहा था।

जेएनयू छात्रसंघ चुनाव समिति ने शनिवार रात को पहले वामदल गठबंधन की महासचिव स्वाति सिंह के नामांकन रद्द पर ऑल पार्टी बैठक बुलाई। इसमें इस पद के लिए दोबारा मतदान नहीं करने की जानकारी दी। इसके बाद शनिवार तीन बजे से सेंट्रल पैनल की मतगणना शुरू हुई थी। यह रात 10.40 तक चली।

उसके बाद जेएनयू छात्रसंघ चुनाव समिति ने उसके नतीजे तैयार किए। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव की रिपोर्ट दिल्ली हाईकोर्ट को भी जानी है। चुनाव हाईकोर्ट की निगरानी में हो रहे थे। रविवार दोपहर तक संस्कृत, इंजीनियरिंग, साइंस समेत अन्य स्कूल की मतगणना शुरू होने पर रुझान चारों सीटों पर एबीवीपी के पक्ष में आ रहे थे। लेकिन शाम पांच बजे के बाद स्कूल ऑफ सोशल साइंस और स्कूल ऑफ इंटरनेशनल लैंग्वेज की मतगणना शुरू होते ही रुझान बदलने लगे, जोकि नतीजों में दिख रहा है।

एबीवीपी ने जेएनयू छात्रसंघ सेंट्रल पैनल की चारों सीटों पर आखिरी तक कांटे की टक्कर दी। मतगणना आखिरी तीन घंटों में स्कूल ऑफ सोशल साइंस और स्कूल ऑफ लैंग्वेज की मतगणना शुरू होते ही रुझान धीरे-धीरे बदलने लगा।

पहले अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के उमेश, महासचिव पद पर अर्जुन और सचिव पद पर गोबिंद सबसे आगे चल रहे थे। लेकिन इन दोनों स्कूलों की मतगणना शुरू होने पर वोट फीसदी वामदल के पाले में बढ़ने लगा। हालांकि एबीवीपी ने सेंट्रल पैनल की चारों सीट बेहद मामूली वोटों से हारी हैं। इसके बाद भी एबीवीपी के कार्यकर्ता शांतिप्रिय तरीके से मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाते रहे।

सेंट्रल पैनल के अध्यक्ष धनंजय, बिहार, उपाध्यक्ष अवजीत, बिहार, महासचिव प्रियांशी, उत्तराखंड और सचिव साजिद उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। इस प्रकार सेंट्रल पैनल पर हिंदी बेल्ट का दबदबा रहेगा। एबीवीपी ने बेशक सेंट्रल पैनल की चारों सीट बहुत अधिक अंतर से नहीं हारे हैं। लेकिन स्कूल काउंसलर के 42 पदों में से 18 एबीवीपी के नाम रहे हैं। वोट फीसदी में एबीवीपी सेकेंड रनर अप संगठन बना है। वोट फीसदी में भी बढ़ोतरी हुई। यदि वामदल गठबंधन नहीं करते तो एबीवीपी को सेंट्रल पैनल से लेकर अन्य काउंसलर सीट भी आसानी से मिलती। एबीवीपी ने छह स्कूल में क्लीन स्वीप किया है। जबकि अन्य स्कूलों में कहीं एक, दो पर जीत हासिल की है।

इसमें स्कूल ऑफ संस्कृत एवं इंडिक स्टडीज के तीनों पद, स्कूल ऑफ नैनो साइंस का एकमात्र पद, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के चारों पद, स्कूल ऑफ कंप्यूटर सिस्टम एंड साइंसेज के सभी तीनों पदों पर एबीवीपी ने परचम लहराया है। इसके अलावा साइंस सेंटर, स्कूल ऑफ कंप्यूटर एंड सिस्टम साइंसेज, स्कूल ऑफ कंप्यूटर एंड इंटीग्रेटेड साइंसेज, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी में भी अपना परचम लहराया है।

# बेंगलुरु में बागवानी और कार धोना 22 परिवारों को पड़ा भारी

## पांच-पांच हजार का जुर्माना लगा



**बेंगलुरु, 25 मार्च (एजेंसियां)।** बेंगलुरु जो कभी गार्डन सिटी के नाम से जाना था आज वहां लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इस गर्मी ने वहां के लोगों के लिए परेशानियां और बढ़ा दी हैं। अधिकारियों ने कार धोने और बागवानी जैसी गैर-जरूरी गतिविधियों के लिए पीने के पानी का उपयोग करने के लिए शहर के 22 परिवारों पर जुर्माना लगाया है। जल आपूर्ति बोर्ड के आदेश का उल्लंघन करने के आरोपों में अधिकारियों ने प्रत्येक परिवार को पांच हजार रुपए का जुर्माना देने आदेश दिया है।

इस बारे में बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) ने बताया कि 22 घरों से 1.1 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। इस जुर्माने में सबसे ज्यादा 80,000 रुपए साउथ बेंगलुरू क्षेत्र से वसूला गया है। इस महीने की शुरुआत में बीडब्ल्यूएसएसबी ने संकट को ध्यान में रखते हुए पीने के पानी का किफायती उपयोग करने के लिए लोगों से आग्रह किया था। साथ ही निवासियों से आग्रह किया गया कि वे वाहन धोने, निर्माण और मनोरंजन उद्देश्यों के लिए पीने के पानी का उपयोग करने से बचें। साथ ही बोर्ड ने नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए 500 रुपए का अतिरिक्त जुर्माना तय किया था। यह जुर्माना हर बार आदेश का उल्लंघन करने पर लगाए जाने का निर्देश जारी किया था।

इसके अलावा, बीडब्ल्यूएसएसबी ने होली समारोह के दौरान लोगों पूल पार्टियों के लिए कावेरी के पानी और बोरवेल के पानी का उपयोग नहीं करने की सलाह भी दी है। शहर में पानी की कमी का आलम यह है कि वहां को डिस्पोजेबल बर्तनों में खाने और मॉल में शौचालय का उपयोग करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। आपातकाल का मतलब गंभीर जल संकट से है। कर्नाटक इस साल जल संकट का सामना कर रहा है। इसका एक कारण पिछले साल कम बारिश होना है। भारतीय मौसम विभाग ने कम बारिश के लिए अल नीनो प्रभाव को जिम्मेदार ठहराया है।

## योगी सरकार के सात साल पूर्ण, सीएम ने जनता का जताया आभार

**लखनऊ, 25 मार्च (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने 7 वर्ष का कार्यकाल सोमवार को पूरा कर लिया है। इस अवसर पर सीएम योगी ने प्रदेश की जनता का आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रदेशवासियों के हर सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि के संकल्प को आज 7 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इन 7 वर्षों में सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के माध्यम से हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सफलता प्राप्त हुई है। यह 7 वर्ष नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के सृजन को समर्पित रहे हैं। लोक-कल्याण के पथ पर चलते हुए डबल इंजन सरकार प्रदेश वासियों के हर सपने को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रदेश की जनता-जनार्दन और सभी सहयोगियों का सहयोग-समर्थन के लिए आभार।

## अपने ही बढ़ा रहे भाजपा की मुश्किलें

# ओडीशा और बंगाल के दो नेता हुए बागी

**नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसियां)।** भाजपा नेता एमए खरबेला स्वैन ने ओड़ीशा की बालासोर सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। उनके अलावा पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग लोकसभा सीट पर भी भाजपा के ही एक विधायक ने अपनी दावेदारी ठोक दी है। पश्चिम बंगाल की कर्सियांग विधानसभा सीट से भाजपा विधायक विष्णु प्रसाद शर्मा ने तो अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ बागी रुख अपना लिया है।



पूरा देश इस समय चुनावी रंग में रंगा हुआ है। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावों की घोषणा के बाद से ही विभिन्न पार्टियों के नेता वोटरों को अपने पक्ष में लामबंद करने में लगे हुए हैं। वहीं, पार्टियां भी लगातार अपने प्रत्याशियों के नामों का ऐलान भी कर रहे हैं। कई नेता ऐसे भी हैं जो निर्दलीय के रूप में अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। कुछ ऐसा ही दो भाजपा नेताओं ने किया है। पश्चिम बंगाल की कर्सियांग विधानसभा सीट से भाजपा विधायक विष्णु प्रसाद शर्मा ने तो अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ बागी रुख अपना लिया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि वह दार्जिलिंग लोकसभा सीट से अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार राजू बिस्ता के खिलाफ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे। हालांकि उन्होंने पार्टी में बने रहने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि वह निर्दलीय चुनाव लड़ते समय भाजपा में ही रहेंगे। इस दौरान पार्टी अपनी इच्छानुसार कोई भी अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकती है, लेकिन उनका खुद से पार्टी से नाता तोड़ने का कोई इरादा नहीं है। इस दौरान उन्होंने पार्टी के उम्मीदवार को लेकर कहा कि भाजपा ने दार्जिलिंग से बाहर के व्यक्ति को मौका दिया है। उन्होंने कहा कि बिस्ता मेरे उम्मीदवार नहीं हैं। हम किसी बाहरी व्यक्ति को नहीं चाहते। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा को कोई भूमि-पुत्र नहीं मिला। यह चौथी बार है जब भाजपा ने दार्जिलिंग पहाड़ियों से नहीं आने वाले किसी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है। आगे उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे उम्मीदवार लोगों के वास्तविक मुद्दों को नहीं उठाते हैं। भाजपा पर कटाक्ष करते हुए शरमा ने कहा कि यह दार्जिलिंग पर्वतीय क्षेत्र के 17 लाख मतदाताओं के चेहरे पर तमाचा है।

ओड़ीशा में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। यहां भाजपा नेता एमए खरबेला स्वैन ने सोमवार को ओड़ीशा की बालासोर सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। उन्होंने भी पार्टी न छोड़ने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव प्रचार करने और उन्हीं के नाम पर वोट मांगने की बात कही। खरबेला स्वैन ने यह ऐलान तब किया है जब एक दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की पांचवीं लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में ओड़ीशा की बालासोर सीट से भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रताप सारंगी को मौका दिया है।

प्रेस कांफ्रेंस में खरबेला स्वैन ने कहा कि मैं आगामी चुनाव में बालासोर लोकसभा सीट से एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ूंगा। मैं पीएम नरेंद्र मोदी के नाम पर प्रचार करूंगा। आगे उन्होंने रहा कि जनता तय करेगी की भाजपा का असली उम्मीदवार कौन है। उन्होंने कहा कि वह बीजेपी नहीं छोड़ेंगे, लेकिन पार्टी उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। पूर्व सांसद स्वैन ने आरोप लगाया कि उन्हें टिकट नहीं दिए जाने के लिए भाजपा के भीतर के षड्यंत्रकारी जिम्मेदार हैं।

## रंगों और जूते-चप्पलों की बौछार के बीच निकली लाट साहब की सवारी

**शाहजहांपुर, 25 मार्च (एजेंसियां)।** शाहजहांपुर में होली का पर्व सोमवार को पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे के रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली पर शहर में बड़े और छोटे लाट साहब का जुलूस रंगों और जूते-चप्पलों की बौछार के बीच निकला गया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस फोर्स भी तैनात रहा।

सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे चौक स्थित कूचा लाल से निकले लाट साहब ने फूलमती मंदिर में माथा टेका। इसके बाद भैंसगाड़ी पर सवार होकर चौक कोतवाली में पहुंचे। जहां कोतवाल ने उन्हें सलामी दी गई। वहां से चौकसी, चार खंभा, केरूगंज, अंटा चौराहा, खिरनी बाग होते हुए बाबा विश्वनाथ मंदिर में जुलूस कुछ देर के लिए रोका गया। लाट साहब ने भैंसा गाड़ी से उतरकर मंदिर में माथा टेका।

उसके बाद आगे की ओर रवाना किया गया। जुलूस में भारी पुलिस बल के साथ आरएएफ और पीएसी के जवानों ने सुरक्षा के लिहाज से घेरा बना रखा था। जगह-जगह लाट साहब के ऊपर रंग और गुलाल फेंका गया। जूते और चप्पलों से उनका स्वागत हुआ। जुलूस की निगरानी डीएम और एसपी भी कंट्रोल रूम से करते रहे।

# महाकाल मंदिर में भस्मआरती के समय लगी आग

### आग से 14 लोग झुलसे, नौ लोग गंभीर

### सीएम यादव ने दिए एक-एक लाख रुपए

**उज्जैन, 25 मार्च (एजेंसियां)।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर में सोमवार सुबह भस्म आरती के दौरान गर्भगृह में आग लग गई। पुजारी सहित 14 लोग झुलस गए। आरती के दौरान गुलाल उड़ाने की वजह से आग भड़की। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख जताया है और प्रदेश सरकार से घायलों के इलाज पर ध्यान देने को कहा है।

मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने इंदौर और उज्जैन पहुंचकर घायलों से भेंट की। सीएम ने घायलों को एक-एक लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि श्री महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन में होली पर्व के दिन प्रात: पूजा अर्चना के दौरान हुए हादसे से प्रभावित घायलों के उपचार में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इसके लिए चिकित्सा विशेषज्ञों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज प्रात: श्री महाकाल मंदिर में भस्म आरती के दौरान आग लगने की घटना और उससे पुजारियों और भक्तों में से 14 व्यक्तियों के प्रभावित होने की जानकारी मिलते ही तत्काल अपने आज के दैनिक कार्यक्रम में संशोधन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी निरस्त कर अविलंब इंदौर पहुंचे।

मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल में होली मिलन कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। वे कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व होली की बधाई देने आए जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से भी स्वागत स्वीकार न करते हुए तत्काल स्टैट हेंगर रवाना हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव हेलीकॉप्टर द्वारा इंदौर रवाना हो गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर पहुंचते ही श्री महाकाल मंदिर उज्जैन में आग लगने से हुए घायल 9 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अरविंदो हास्पिटल इंदौर में उपचार के लिए आए घायलों से मुलाकात कर बातचीत की। घायलों को भरोसा दिलाया कि उनका बेहतर से बेहतर उपचार किया जाएगा। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय और जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इंदौर के पश्चात उज्जैन पहुंचकर जिला अस्पताल में भर्ती घायलों से भेंट और चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अस्पताल प्रबंधन को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। घायलों का इलाज चल रहा है और वे खतरे से बाहर हैं। इस अवसर पर अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि बाबा महाकाल की कृपा से बड़ी दुर्घटना टली है, यह दुखद और पीड़ादायक घटना है। भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज प्रात: आग लगने की घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। घायलों के उपचार के लिए एक-एक लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

मंदिर में उस समय हजारों श्रद्धालु मौजूद थे। सभी महाकाल के साथ होली मना रहे थे। घायल सेवक ने बताया कि आरती कर रहे पुजारी संजीव पर पीछे से किसी ने गुलाल डाल दिया।

गुलाल दीपक पर गिरा। संभवतः गुलाल में केमिकल होने की वजह से आग भड़क गई। रंग-गुलाल से गर्भगृह की चांदी की दीवार को बचाने के लिए वहां फ्लैक्स लगाए गए थे। इनमें भी आग फैल गई। कुछ लोगों ने अग्निशामकों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन, तब तक गर्भगृह में मौजूद आरती कर रहे संजीव पुजारी, विकास, मनोज, सेवाधारी आनंद कमल जोशी समेत 13 लोग झुलस गए।

उज्जैन कलेक्टर नीरज सिंह ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। कोई भी गंभीर नहीं है। सभी स्टेबल हैं। मामले की मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिए हैं। कमेटी तीन दिन में जांच कर रिपोर्ट दी सौंपेगी। महाकाल मंदिर के पुजारी आशीष गुरु ने कहा कि भस्म आरती के दौरान जब पूजन-आरती चल रही थी, तब आग भभक गई। बाबा की कृपा से कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। महाकाल से प्रार्थना है कि सभी ठीक हो जाएं। हादसे के समय मंदिर में हजारों लोग मौजूद थे, जो बाबा महाकाल के साथ होली खेल रहे थे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बेटे वैभव यादव भी हादसे के समय मंदिर में ही थे। बाबा महाकाल की कृपा रही कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

हादसे में भस्मारती के मुख्य पुजारी संजय गुरु, विकास पुजारी, अंश पुरोहित, सेवक महेश शर्मा, चिंतामन गेहलोत, कमल जोशी, सत्यनारायण सोनी, रमेश, शुभम, विकास, मनोज शर्मा, सोनू राठौर, राजकुमार बैस, मंगल समेत 13 सेवक और पुजारी झुलस गए हैं। इनमें से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है। महाकाल मंदिर में भस्मआरती के दौरान झुलसे 14 पुजारियों और सेवादारों में से 9 को इंदौर के अरविंदो अस्पताल में भर्ती किया गया है। इलाज कर रहे चिकित्सकों के अनुसार पुजारियों की हालत ठीक है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और डॉक्टरों को जरूरी निर्देश दिए।

सीएम मोहन यादव महाकाल मंदिर में लगी आग में झुलसने वाले पीड़ितों से मिलने इंदौर के अरविंदो अस्पताल पहुंचे। उनके साथ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद थे। सीएम यादव ने घायलों से मुलकात कर उनका हाल जाना और फिर डॉक्टरों से भी चर्चा की। उन्होंने डॉक्टरों को जरूरी निर्देश भी दिए। इससे पहले सीएम यादव ने भोपाल में कहा था कि महाकाल मंदिर में हुई आग की घटना बेहद दुखद है। घटना की मजिस्ट्रियल जांच होगी। मैं प्रभावित लोगों से मिलने इंदौर और उज्जैन पहुंच रहा हूं।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। आज आपको अपने होशियारी और प्रभाव का उपयोग संवेदनशील घरेलू मुद्दों को हल करने के लिए करना चाहिए। व्यक्तिगत मार्गदर्शन आपके रिश्ते में सुधार लाएगा। खाली समय का पुरा आनंद उठाने के लिए आपको लोगों से दूर होकर अपने पसंदीदा काम करने चाहिए। ऐसा करके आपमें सकारात्मक बदलाव भी आएंगे। आपका जीवनसाथी आज ऊर्जा और प्रेम से भरपूर है। आज पानी का जरुरतमंदों को दान और सेवा करना चाहिए आत्मीयशान्ति मिलेगी ।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

अगर आप घर से बाहर रहकर जॉब या पढ़ाई करते हैं तो ऐसे लोगों से दूर रहना सीखें जो आपका धन और समय बर्बाद करते हैं। आप माता–पिता को ख़ुश करने में कठिनाई महसूस करेंगे। उन्हें समझाने और उनके नज़रिए से चीज़ों को देखने की कोशिश करें, आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा। उन्हें आपकी परवाह, स्नेह और समय की आवश्यकता है। आज आप बिना किसी वजह के कुछ लोगों के साथ उलझ सकते हैं। ऐसा करना आपके मूड को तो खराब करेगा ही साथ ही इससे आपका कीमती समय भी बर्बाद होगा। वैवाहिक जीवन के उजले पहलू का अनुभव करने के लिए अच्छा दिन है। अगर आप अपने मन की सुनें, तो यह दिन ख़रीदारी के लिहाज़ से उम्दा है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आपमें आज चुस्ती–फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। किसी करीबी रिश्तेदार की मदद से आज आप अपने करोबार में अच्छा कर सकते हैं जिससे आपको आर्थिक लाभ भी होगा। ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं। परिवार की जरुरतों को पूरा करते–करते आप कई बार खुद को वक्त देना भूल जाते हैं। लेकिन आज आप सबसे दूर होकर अपने आप के लिए वक्त निकाल पाएंगे। परिवार के साथ मिलकर किसी ज़रूरी फ़ैसले को अन्तिम रूप दिया जा सकता है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

लम्बे समय से अटके मुआवज़े और कर्ज़ आदि आख़िरकार आपको मिल जाएंगे। अपनी पत्नी/पति के साथ पिकनिक पर जाने का बेहतरीन दिन है। यह न केवल आपका मन हल्का करेगा, बल्कि आप दोनों के बीच मतभेद दूर करने में भी मदद करेगा। आज आप सब कामों को छोड़कर उन कामों को करना पसंद करेंगे जिन्हें आप बचपन के दिनों में करना पसंद करते थे। जीवनसाथी के कारण कुछ नुक़सान हो सकता है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज आपको आराम करने और क़रीबी दोस्तों व परिवार के साथ ख़ुशी के कुछ पल बिताने की ज़रूरत है । व्यक्तिगत मामलों को सुलझाते समय उदारता दिखाएँ, लेकिन अपनी जुबान पर क़ाबू रखें ताकि उन्हें चोट न पहुँचे जो आपसे प्यार करते हैं और आपकी परवाह करते हैं। अगर कहीं बाहर जाने की योजना है तो वह आख़िरी वक़्त पर टल सकती है।
ऐसा लगता है कि आज आप अपने जीवनसाथी के साथ बहुत ख़र्चा कर सकते हैं। बावजूस इसके, आप इस वक़्त का पूरा लुत्फ़ उठा पाएंगे। इस राशि के युवाओं की आज अपने जीवन में प्रेम की कमी महसूस होगी ।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है। वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा। अपने जीवन–साथी के साथ प्यार, अपनापन और स्नेह महसूस करें। काम को समय पर निपटाकर जल्दी घर जाना आज आपके लिए अच्छा रहेगा इससे आपके परिवार वालों को भी खुशी मिलेगी और आप भी तरोताजा महसूस करेंगे। आप आराम करने में क़ामयाब नहीं हो पाएंगे, क्योंकि आपके कुछ तथाकथित दोस्त आपको आराम करने नहीं देंगे।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

गर्भवती महिलाओं के लिए अतिरिक्त सावधान रहने का दिन है। जिन लोगों ने लोन लिया था आज उन्हें उस लोन की राशि को चुकाने में दिक़्क़तें आ सकती हैं। बच्चे और परिवार दिन का केंद्र–बिंदु रहेंगे। आपका साथी आपसे आज कुछ ज़्यादा ही अपेक्षा करेगा। कोई आध्यात्मिक गुरू या बड़ा आपकी सहायता कर सकता है। आपके लिए यह उत्साह वर्धक दिन रहेगा, लेकिन सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अच्छी नींद अच्छी सेहत के लिए बेहद ज़रुरी है,आप थोड़ा अधिक सो सकते हैं।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

रुका हुआ धन मिलेगा और आर्थिक हालात में सुधार आएगा। अगर आप सामूहिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे, तो आप नए दोस्त बना सकते हैं। आप के दिल की धड़कनें आपके प्रिय के लिए ज्यादा ही धडकेगी, कार्यक्षेत्र में किसी काम के अटकने की वजह से आज आपका शाम का कीमती वक्त खराब हो सकता है। अपने जीवनसाथी के स्न्हे से भीगकर आप ख़ुद को राजसी महसूस कर सकते हैं। आज आपका आत्मविश्वास कमजोर रह सकता है। इसका कारण आपकी खराब दिनचर्या है।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

जो लोग अब तक पैसे को बिना वजह ही उड़ा रहे थे आज उन्हें अपने आप पर काबू रखना चाहिए और धन की बचत करनी चाहिए। जिन लोगों से आपकी मुलाक़ात कभी–कभी ही होती है, उनसे बातचीत और संपर्क करने के लिए अच्छा दिन है। दूसरों को राज़ी करने की आपकी प्रतिभा आपको काफ़ी फ़ायदा पहुँचाएगी। आपका जीवनसाथी आपको पाकर ख़ुद को ख़ुशनसीब समझता है; इन पलों का भरपूर उपयोग करें। आपको किसी भी काम को करने में उतावलापन नहीं दिखाना चाहिए। इससे काम के खराब होने की संभावना बढ़ जाती है।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आपको कई स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। यह अच्छा वक़्त है जो आपके लिए क़ामयाबी और ख़ुशहाली लाएगा। इसके लिए आपको अपनी कोशिशों और अपने परिवार से मिलने वाले सहयोग का शुक्रगुज़ार होना चाहिए। आपकी मुलाक़ाता एक ऐसे दोस्त से होगी, जिसे आपका ख़याल है और जो आपको समझता भी है। आपके हँसने–हँसाने का अन्दाज़ आपकी सबसे बड़ी पूंजी साबित होगा। आपको सच्चे प्यार का एहसास होगा। दिन अच्छा है आज आपका प्रिय आपकी किसी बात पर खिलखिलाकर हंसेगा।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि के काम करने के लिए अच्छा दिन है। उधार मांगने वाले लोगों को नज़रअन्दाज़ करें। ऐसा कोई जिसके साथ आप रहते हैं, आज आपके किसी काम की वजह से बहुत झुंझलाहट महसूस करेगा। इस राशि वालों को आज खुद के लिए काफी समय मिलेगा। आप कोई किताब पढ़ सकते हैं या अपना पसंदीदा म्यूजिक सुन सकते हैं। समय मुफ़्त ज़रूर है पर बेशक़ीमती भी है, इसलिए अपने अधूरे कार्यों को निपटाकर आप आने वाले कल के लिए निश्चिंत हो सकते हैं।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

घर और दफ़्तर में कुछ दबाव आपको गुस्सैल बना सकता है। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। दोस्तों के साथ शाम बिताना या ख़रीदारी करना मज़ेदार और रोमांचक रहेगा। आपका हमदम आपको पूरे दिन याद करता रहेगा। आप जिस प्रतियोगिता में भी क़दम रखेंगे, आपका प्रतिस्पर्धी स्वभाव आपको जीत दिलाने में सहयोग देगा। जीवनसाथी के साथ यह एक बढ़िया दिन गुज़रने वाला है। कोई फिल्म या नाटक देखकर आज अपना समय व्यतीत करेंगे ।

## मंगलवार का पंचांग

दिनांक : 26 मार्च 2024 , मंगलवार
विक्रम संवत : 2080
मास : चैत्र , कृष्ण पक्ष
तिथि : प्रतिपदा दोपहर 02:58 तक
नक्षत्र : हस्त दोपहर 01:34 तक
योग : ध्रुव रात्रि 10:16 तक
करण : कौलव दोपहर 02:58 तक
चन्द्रराशि : कन्या रात्रि 02:57 तक
सूर्योदय : 06:15 , सूर्यास्त 06:28 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:19 , सूर्यास्त 06:30 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:12 , सूर्यास्त 06:23 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:06, सूर्यास्त 06:19 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 09:00 से 10:30
लाभ : 10:30 से 12:00
अमृत : 12:00 से 01:30
राहुकाल : सायं 03:00 से 04:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : वसंतोत्सव
खरमास चालू हैं




✻ पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें ✻
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, तेलंगाना.9246159232,
Chidamber011@gmail.com


# कोटा में सियासत का सस्पेंस थ्रिलर

## ओम बिरला को टक्कर देंगे प्रहलाद गुंजल, मुकाबला रोचक

**कोटा,25 मार्च (एजेंसियां)।** कोटा लोकसभा सीट पर बेहद रोचक मुकाबला देखने को मिलने वाला है। ओम बिरला के सामने मैदान में कभी उनके धुर विरोधी रहे प्रहलाद गुंजल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। यह सिर्फ बिरला और गुंजल के बीच चुनाव नहीं है बल्कि हाड़ौती की सियासत में इसके पीछे भी कई बड़े चेहरे इसमें शामिल हैं।




हालांकि 2023 में हुए राजस्थान के विधानसभा चुनाव में गुंजल का टिकट बीजेपी ने होल्ड पर रख लिया था। इसके बाद वसुंधरा राजे के कहने पर गुंजल देर रात कोटा में ही ओम बिरला के ऑफिस पहुंचे। इसके बाद बीजेपी ने कोटा उत्तर से गुंजल को विधानसभा प्रत्याशी घोषित कर दिया। उनका मुकाबला कांग्रेस के शांति धारीवाल से हुआ, जिसमें गुंजल हार गए। गुंजल 2003 में कांग्रेस के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री रामकिशन वर्मा को चुनाव में मात देकर रामगंजमंडी से पहली बार विधानसभा पहुंचे थे।

**बीजेपी से बनते–बिगड़ते रिश्ते**

गुर्जर आरक्षण के दौरान गुंजल ने बीजेपी की तत्कालीन सीएम वसुंधरा राजे के खिलाफ हो गए थे। इसके बाद उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया, फिर 2008 में निर्दलीय लड़ कर हार गए। इसके बाद 2009 में राजे, गुंजल के घर पहुंची और करीब 2 साल बाद फिर बीजेपी में लौटे। 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले 2022 में राजे के जन्मदिन पर केशोरायपाटन से उनकी देव दर्शन यात्रा की शुरुआत हुई, जहां गुंजल ने मोर्चा संभाला हुआ था। वहीं 2023 के विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद वसुंधरा राजे को सीएम बनाए जाने का बयान देने वाले विधायकों में गुंजल सबसे ज्यादा मुखर रहे।

# खंभे से टकराई और आग का गोला बन गई कार

## जिंदा जला सेना का जवान, बेटा होने पर गांव आया था

**झुंझुनू,25 मार्च (एजेंसियां)।** झुंझुनू जिले के मुकुंदगढ़ में देर रात दीवार से टकराने से सेना के जवान की कार में आग लग गई। आग लगने की वजह से सेना का जवान जिंदा जल गया है। मुकुंदगढ़ एसएचओ महेंद्र सिंह ने बताया विकास भास्कर (25) श्रीनगर में पोस्टेड था। बेटा होने की खुशी में 1 महीने पहले छुट्टी लेकर गांव आया था, छुट्टियां पूरी होने पर ड्यूटी पर वापस लौट रहा था।



**मौके पर पहुंची पुलिस की टीम**

ट्रेन पकड़ने के लिए रविवार रात 10 बजे मुकुंदगढ़ रेलवे स्टेशन के लिए कार से निकला था, जिसके बाद अंडरपास के पास ये हादसा हो गया। हादसे की सूचना पर दमकल ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सेना का जवान और कार पूरी तरह जल चुकी थी। इधर, घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे, जिसके बाद मुकुंदगढ़ पुलिस ने भी मौके पर एफएसएल और डॉग स्कायड टीम को बुलाया। एसएचओ महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि, घटना की जगह से कुछ मीटर पहले गाड़ी के घिसटने के निशान मौजूद हैं. वहीं मृतक का मोबाइल भी दुर्घटनास्थल से कुछ दूरी पर मिला है। पुलिस का कहना है कि, विकास भास्कर के शव का डीएनए करवाया जाएगा. वहीं पूरे मामले की जांच की जाएगी।

# मदार रेलवे स्टेशन के पास लकड़ी के गोदाम में लगी भीषण आग

## लाखों का नुकसान, फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची

**अजमेर,25 मार्च (एजेंसियां)।** राजस्थान के अजमेर जिले के मदार रेलवे स्टेशन के पास एक स्क्रैप के गोदाम में सोमवार दोपहर अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग से गोदाम में रखा माल आग की भेंट चढ़ गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की मदद से आग बुझाने के प्रयास किए गए, लेकिन आग बढ़ती गई। उसके बाद लगातार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचती गईं और आग बुझाने के प्रयास जारी रहे। दो दर्जन के करीब फायर ब्रिगेड की



गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास कर रही हैं। जानकारी के मुताबिक, लकड़ी के गोदाम के रेलवे का स्क्रैप रखा था, जिसमें अज्ञात कारणों से आग लग गई। गोदाम मालिक विपिन कुमार ने बताया कि मदार रेलवे स्टेशन के पास उनका लकड़ी का गोदाम है, जिसमें रेलवे का स्क्रैप रखा हुआ था। उन्होंने बताया कि उनको आग की सूचना मिली और वह मौके पर पहुंचे। आग से लाखों रुपये का नुकसान हो गया है।

उन्होंने बताया कि आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को काफी मशक्कत करनी पड़ी और कई गाड़ियों ने आग बुझाने के प्रयास किए। लकड़ी का गोदाम होने के चलते आग ने विकराल रूप धारण किया था।

# एक बार फिर बेनीवाल और ज्योति मिर्धा आमने–सामने



**जयपुर,25 मार्च (एजेंसियां)।** भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा के सामने अब एक बार फिर आरएलपी विधायक हनुमान बेनीवाल चुनावी मैदान में उतरने वाले हैं। अब तक कयास लगाए जा रहे थे कि कांग्रेस से गठबंधन के बाद आरएलपी इस सीट से हनुमान की पत्नी कनिका को मैदान में उतारेगी लेकिन अब इस तरह के कयासों को विराम देते हुए बेनीवाल खुद चुनावी रण में उतरेंगे। इधर ज्योति मिर्धा के सामने हनुमान के नाम की घोषणा के बाद भाजपा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस सीट पर अब मुकाबला आसान नहीं रहने वाला है। इसके पहले भी ज्योति मिर्धा दो बार हनुमान की वजह से चुनाव हार चुकी हैं।

# रात के अंधेरे में घर के बाहर हवाई फायरिंग करके भागे बदमाश

## मामला संदिग्ध, पुलिस कर रही है जांच

**भरतपुर,25 मार्च (एजेंसियां)।** भरतपुर जिले के रुदावल थाना क्षेत्र में दो बाइक सवार बदमाशों ने एक घर के बाहर हवाई फायरिंग कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन उन्हें वहां फायरिंग के कोई भी सबूत नहीं मिले। बाद में घर के बाहर एक कारतूस का खाली खोल मिला। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं करवाया गया है।

जिले के बंशी पहाड़पुर इलाके के रहने वाले अरुण ने बताया कि शनिवार देर रात वह घर के बाहर नोहरे में सो रहा था, तभी बाइक पर दो लोग आए और घर के बाहर खड़े होकर हवाई फायर करके फरार हो गए।

इसकी सूचना अरुण ने उसी समय कंट्रोल रूम को दी, जिसके बाद तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची। काफी तलाश करने के बाद भी



फायरिंग के कोई सबूत नहीं मिलने के बाद पुलिस की टीम वापस चली गई।

सुबह के समय जब परिजनों ने घर के बाहर कारतूस के खाली खोल की तलाश की तो उन्हें कारतूस का एक खाली खोल घर के बाहर पड़ा मिला। फिलहाल अरुण और उसके परिवार की तरफ से पुलिस में कोई शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर चल रही है।

# हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राजभवन में मनाई होली





रंगों का त्योहार होली हरियाणा राजभवन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री, नायब सिंह, उनकी पत्नी सुमन सैनी, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, मंत्री कंवर पाल, मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, डीजीपी शत्रुजीत कपूर, वरिष्ठ अधिकारी, सम्मानित अतिथि और गणमान्य व्यक्ति इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

# हिसार में देवीलाल परिवार आमने–सामने इनेलो की घोषणा बाकी, कांग्रेस पर नजर





**चंडीगढ़,25 मार्च (एजेंसियां)।** हिसार में भाजपा का टिकट तय होने पर देवीलाल परिवार आमने सामने हो गया है। सुनैना चौटाला को इनेलो चाजा ससुर के सामने टिकट दे सकती है। भाजपा ने रणजीत सिंह चौटाला को हिसार से मैदान में उतारकर ताऊ देवीलाल के परिवार के सामने ही चुनौती खड़ी कर दी है। क्योंकि पिछली बार खुद डिप्टी सीएम रहे दुष्यंत चौटाला हिसार से सांसद रहे थे। इस बार इनेलो की ओर से सुनैना चौटाला का नाम तय बताया जा रहा है। ऐसे में हिसार सीट पर देवीलाल का परिवार ही आमने–सामने हो सकता है। यहां से भाजपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने वाले चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह कांग्रेस के प्रत्याशी हो सकते हैं।

**रणजीत के सहारे जाट वोट बैंक साधने की कोशिश**

प्रदेश सरकार में बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के कुछ देर बाद ही हिसार से लोकसभा का उम्मीदवार बना दिया गया। रणजीत भले ही भाजपा में अब आए हों लेकिन लंबे समय से वे मोदी–मनोहर की तारीफ करते रहे हैं। भाजपा संगठन के साथ ही आरएसएस से भी नजदीकी और जातीय समीकरण उनके टिकट का प्रमुख आधार बना। हिसार से बृजेंद्र सिंह के इस्तीफे के बाद से ही कयास लगाया जा रहा था कि जाट वोट बैंक को साधने के लिए भाजपा हिसार से किसी मजबूत जाट नेता को मैदान में उतारेगी। इसका मुख्य कारण हिसार में सबसे अधिक जाट मतदाताओं का होना है। रणजीत को टिकट देकर भाजपा ने जजपा के अलग होने से उठ रहे सवालों पर भी एक तरह से विराम लगा दिया है। अब भाजपा प्रदेशभर में जाट मतदाताओं के बीच पैठ बढ़ाने के लिए पूर्व उप प्रधानमंत्री देवीलाल का नाम भी भुना सकेगी। इनके उतरने से पार्टी को हिसार के अलावा सिरसा में भी फायदा मिलेगा।

# सोनीपत में खूनी होली

## गांव जठेड़ी में युवक की चाकू से गोदकर हत्या परिवार से अलग रहता था युवक

**सोनीपत,25 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा के सोनीपत के गांव जठेड़ी में होली पर्व पर खूनी खेल खेला गया। युवक की घर के बाहर गली में चाकू से कई वार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। युवक राई औद्योगिक क्षेत्र में चाय की दुकान चलाता था। परिजनों को मामले का पता लगा तो मौके पर पहुंचे और राई थाना पुलिस को अवगत कराया।



सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक युवक का भी आपराधिक रिकॉर्ड बताया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है।

गांव जठेड़ी निवासी जितेंद्र उर्फ मोनू (38) गांव में ही परिवार से अलग रहता था और वह अविवाहित था। जितेंद्र की मां कमलेश ने बताया कि सोमवार को परिवार होली की खुशियां मना रहा था। देर शाम गांव की महिला ने उन्हें बताया कि उनके बेटे जितेंद्र पर किसी ने हमला कर दिया है। जिस पर वह मौके पर पहुंची तो बेटा जितेंद्र अपने घर के बाहर गली में लहूलुहान हालत में पड़ा था। उसके गले समेत शरीर के अन्य हिस्सों पर चाकू से वार किए गए थे। उन्होंने मामले से राई थाना पुलिस को अवगत कराया।

सूचना के बाद राई थाना प्रभारी उमेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाकर सबूत जुटाए है। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। हमलावर गांव का ही युवक बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। हमले का शिकार हुए जितेंद्र का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उस पर 1 मई 2023 को गांव के ही सुरेंद्र ने हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कराया था। दिल्ली वन विभाग में माली के पद पर कार्यरत सुरेंद्र ने आरोप लगाया था कि जितेंद्र उर्फ मोनू ने रंजिश के चलते उनके बेटे अंकित को 30 अप्रैल, 2023 की रात को कॉल कर धमकी दी थी। बाद में सुबह वह दूध लेने गए तो कार सवार जितेंद्र ने उन पर दो बार फायर किए थे।

# इस मंदिर में आज भी नाग-नागिन करते हैं पारस मणि की रक्षा!






आपने पारस मणि और नाग – नागिन की कहानियां तो खूब सुनी होंगी। यहां नाग – नागिन पारस मणि की रक्षा करते हैं। किसी को भी मणी के आस – पास जाने तक नहीं देते है। हम आप को एक ऐसे ही स्वयंभू शिव मंदिर और पारस मणि के रक्षक नाग – नागिन के बारे मे बताने जा रहे हैं, जिसे जान आप हैरान रह जाएंगे।

दरअसल, सतना जिला मुख्यालय से तकरीबन 20 किलोमीटर दूर कोठी कस्बे में हजारों वर्ष प्राचीन मरघटनाथ आश्रम स्थित हैं। यहां भगवान शिव का स्वयंभु शिवलिंग विराजित हैं, घने जंगल के बीच वीरानी जगह में स्थित भगवान मरघटनाथ आश्रम में कई अनसुलझे रहस्य छिपे हैं। हजारों मरघट, मसानके बीच शिवलिंग होने की वजह से ही इनका नाम मरघटनाथ पड़ा। लोकल 18 से बात करते हुए स्थानीय लोगों ने बताया की आश्रम के महंत रामेश्वरा नंद सरस्वती महाराज के यहां आने से पहले तक यहां आत्माओं उनके आश्रम में आने से पहले लोग यहां आने से डरते थे इस जगह, बरम, सन्यासी और आत्माओं का बसेरा हुआ करता था, चारों ओर शमशान और जंगल झाड़ था जिनके बीच का साया था। यहां स्थित शिव मंदिर के आस – पास एक पारस मणि है जिसकी रक्षा नाग नागिन करते हैं जिन्हें कई बार लोगों द्वारा देखा भी गया है।

**मरघटनाथ का रहस्य और प्राचीन इतिहास**

मरघटनाथ आश्रम से जुड़ी किवदंतियों को लेकर आश्रम के महंत रामेश्वरानंद सरस्वती ने लोकल 18 से बात करते हुए बताया की, एक प्राचीन स्वंभू शिव मंदिर था। जिसकी रक्षा नाग – नागिन करते थे। महंत रामेश्वरानंद सरस्वती जी ने बताया की इन्ही इक्षाधारी नाग – नागिन ने उन्हे शिव मंदिर को सौंपा था। जिसके बाद यज्ञ तपस्या के द्वारा उन्होंने बुरी आत्माओं का उद्धार किया और अब यहां दूर – दूर से लोग दर्शन करने आते हैं जिनकी सभी मनोकामना भगवान मरघटनाथ पूरी करते हैं।

### क्या है सच में है पारस मणि

पारस मणि को लेकर आश्रम के महंत रामेश्वरानंद सरस्वती बताया की प्राचीन काल में भोज नाम के एक राजा ने यहां घोर तपस्या की जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उसे दर्शन दिए और पारस शिवलिंग दिया जिसे पारस मणि के नाम से सभी जानते थे। राजा ने शरीर त्यागने से पहले इस शिव लिंग को मंदिर के पास ही ज़मीन में गाड़ दिया था जिसकी रक्षा नाग – नागिन करते थे।

### वनवास के दौरान श्री राम ने किया था विश्राम।

महंत रामेश्वरानंद सरस्वती ने बताया की भगवान श्री राम चित्रकूट से जाते समय यहां से गुजरे थे। इसे भगवान राम के विश्राम स्थल के रुप में भी जाना जाता है।

# समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है मांडना कला

## इसकी सजावट से घर में माता लक्ष्मी करेंगी निवास



पाश्चात्य संस्कृति और आधुनिकीकरण के दौर में अब होली के त्योहार पर बरसों पुरानी संस्कृति जीवित हो रही है . यही वजह है कि राजस्थानी संस्कृति में रचे-बसे सरहदी जिले में ग्रामीण लोककला की शान रही मांडणा कला अब धीरे-धीरे शहर की दीवारों पर भी नजर आ रही है।

कहते हैं कि मांडनों को श्री और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। माना जाता है कि जिसके घर में उसके सुंदर अंकन होता रहता है, वहां लक्ष्मी स्थाई रूप से निवास करती है। बाड़मेर में मांडना विशेष तौर पर होली, दीपावली, नवदुर्गा उत्सव, महाशिवरात्रि पर्व पर बनाया जाता है। रंगोली या मांडना हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति की समृद्धि के प्रतीक हैं, इसलिए 'चौंसठ कलाओं' में मांडना को भी स्थान प्राप्त है। इससे घर परिवार में मंगल रहता है। उत्सव-पर्व के साथ-साथ मांगलिक अवसरों पर रंगोली से घर-आंगन को खूबसूरती के साथ सजाया जाता है।

### होली से पहले दीवारों पर उकेरी गई मांडना कला

रंगोली के पहले मांडना प्रचलित था जो आज भी है। होली से पहले सरहदी बाड़मेर शहर में दीवारों पर मांडना कला को उकेरा गया है। दीवारों पर लिपाई-पुताई के बाद मांडने बनाए जाते हैं। दीवार पर केल, संजा, तुलसी, बरलो आदि सुंदर बेल बूटे बनाए जाते हैं। बाड़मेर शहर के नेहरू नगर ओवरब्रिज, कलेक्ट्रेट परिसर, कलेक्टर आवास सहित आसपास की दीवारों पर मांडना कला उकेरी गई है।

बाड़मेर नगरपरिषद आयुक्त विजय प्रताप सिंह के मुताबिक बाड़मेर की सार्वजनिक दीवारों पर राजस्थान की कला, संस्कृति, खान-पान, लोकरंग, लोक संगीत और यहां की अनूठी रवायदों को बेहद आकर्षक रंगों से उकेरा गया है।

# मंगलवार के दिन करें ये उपाय
## आर्थिक संकट से मिलेगा छुटकारा



सनातन धर्म में मंगलवार का खास महत्व है। इस दिन भगवान हनुमान जी की पूजा-व्रत करने का विधान है। मान्यता है कि इस दिन हनुमान जी की पूजा-व्रत करने से मंगल दोष से छुटकारा मिलता है। इसके अलावा बिगड़े हुए काम पूरे होते हैं। माना जाता है कि मंगलवार को उपाय करने से व्यक्ति को जीवन की सभी परेशानियों से निजात मिलती है और घर में सुख-शांति का आगमन होता है। यदि आप भी अपना जीवन सुखमय चाहते हैं, तो इसके लिए मंगलवार को यहां बताए गए उपाय जरूर करें। धार्मिक मत है कि इन उपायों को करने से संकटमोचन हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त होगा और घर में खुशियों का आगमन होगा। आइए जानते हैं।

### मंगलवार के उपाय



यदि आप आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं, तो इसके लिए मंगलवार के दिन स्नान और ध्यान करने के बाद हनुमान जी को गुलाब के फूलों की माला चढ़ाएं। इस उपाय को लगातार 7 मंगलवार तक करें। मान्यता है कि ऐसा करने से आर्थिक समस्या से छुटकारा मिलता है।

मंगलवार के दिन मिट्टी के बर्तन में शहद डालें और उसके ऊपर ढक्कन लगा दें। इसके बाद उसे हनुमान जी के सामने रख दें। मान्यता है कि इस उपाय को करने से घर में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। इसके अलावा सदैव शांति का वास रहेगा।

अगर आप शारीरिक कष्ट की समस्या का सामना कर रहे हैं, तो मंगलवार को हनुमान जी की मूर्ति के सामने एक बर्तन में पानी रखकर हनुमान बाहुक का विधिपूर्वक पाठ करें। इसके बाद जल ग्रहण करें। इसी तरह अगले दिन भी फिर से हनुमान बाहुक का पाठ करें। धार्मिक मत है कि इस उपाय को लगातार 21 दिनों तक करने से शारीरिक और मानसिक परेशानी से छुटकारा मिलता है।

इसके अलावा मंगलवार के दिन राम रक्षा स्त्रोत का पाठ करने से व्यक्ति के जीवन के सभी परेशानी दूर होती है।

अगर आप बुरी नजर के प्रभाव को दूर करना चाहते हैं, तो मंगलवार के दिन जौ के आटे में तेल और काला तिल मिलाकर एक रोटी बनाएं। इस रोटी को गुड़ और तेल से चुपड़कर नजर लगने वाले इंसान के ऊपर 7 या 21 बार उतारकर भैंस को खिलाएं। मान्यता है कि इस उपाय को करने से बुरी नजर का प्रभाव खत्म होगा।

# गीता में श्रीकृष्ण ने बताया मनुष्य पाप करने को क्यों हो जाता है विवश, जानिए बचाव के उपाय



महाभारत के युद्ध में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन के सारथी बने थे, तब श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। यह उपदेश जितना उस समय प्रासंगिक था, उतना आज भी है। आज के समय में मनुष्य का जीवन ही एक युद्ध बनता जा रहा है। ऐसे में हम यहां जान सकते हैं कि किन परिस्थियों के कारण मनुष्य पाप में भागीदार बनता है। साथ ही इससे किस प्रकार बचा जा सकता है।

ज्योतिषाचार्य पं। पंकज पाठक ने बताया कि भगवद् गीता को हिंदू धर्म ग्रंथों में एक मुख्य स्थान दिया गया है। गीता का उपदेश भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को युद्ध की भूमि में दिया गया सर्वश्रेष्ठ ज्ञान है। इस ज्ञान के द्वारा ही अर्जुन को सही एवं गलत के बीच का अंतर पता चल सका। साथ ही इसी के आधार पर अर्जुन ने युद्ध में विजय भी हासिल की थी। गीता सभी के लिए जरूरी है।

### अर्जुन ने श्री कृष्ण से पूछा था यह प्रश्न

केन प्रयुक्तोऽयं पापं चरति पूरुषः। अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय बलादिव नियोजितः।।

**अर्थात: श्लोक में अर्जुन ने भगवान श्री कृष्ण से यह प्रश्न पूछा कि मनुष्य न चाहते हुए भी बुरे कर्म क्यों करता है?**

### इसलिए मनुष्य करता है पाप

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि तब उत्तर में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि मनुष्य की वासना एवं निहित स्वार्थ के चलते ही वह पाप करने के लिए विवश हो जाता है। पाप करने की सबसे बड़ी वजह मनुष्य की किसी चीज को पाने की इच्छा है, इसलिए काम वासना से मनुष्य में क्रोध उत्पन्न होता है। क्रोध से भ्रम पैदा होता है, जिसके कारण सबसे पहले मनुष्य की बुद्धि नष्ट हो जाती है। यही मनुष्य के विनाश का कारण बनती है। फिर भगवान श्री कृष्णा आगे कहते हैं कि जिस प्रकार धुआं अग्नि को ढक देता है, ठीक उसी तरह काम, मोह एवं वासना भी मनुष्य के ज्ञान को ढक देती है। इन्हीं कारणों के चलते मनुष्य पाप करने के लिए विवश हो जाता है।

### पाप से बचने का उपाय

इसी प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने पाप से बचने के गीता में कुछ उपाय भी बताए हैं, जिनके अनुसार मनुष्य को आसक्ति या विरक्ति के प्रभाव के अधीन नहीं होना चाहिए। जब किसी व्यक्ति में आसक्ति और विरक्ति का अभाव होता है तब उस जीवन को ही उत्तम माना जाता है। इसलिए इंसान को मोह माया छोड़ देनी चाहिए। साथ ही पुण्य करण करना चाहिए।

# तुलसी माता को सिंदूर लगाना शुभ या अशुभ,जानें क्या कहते हैं पुराण

तुलसी माता को सिंदूर लगाना हिंदू समाज में शुभ माना जाता है। सिंदूर को पुराने समय से ही स्त्रियों के लिए सौभाग्य और सुरक्षा का प्रतीक माना गया है, और तुलसी माता को विष्णु की पत्नी के रूप में पूजा जाता है। इसलिए, तुलसी माता को सिंदूर लगाना शुभ माना जाता है और लोग इसे आशीर्वाद का प्रतीक मानते हैं। तुलसी माता को सिंदूर लगाने के पीछे एक मान्यता है कि यह स्त्री को उनके पति के लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करती है। इसके अलावा, यह सिंदूर लगाने का रिवाज सौभाग्य, सुख, और समृद्धि की प्राप्ति की आशा को भी प्रकट करता है। तुलसी माता को सिंदूर लगाना भक्तों के बीच आदर्श और सांस्कृतिक आदर्श को दर्शाता है और उन्हें अपने धार्मिक आदर्शों के प्रति समर्पित करता है। इस प्रकार, तुलसी माता को सिंदूर लगाना एक आदर्श और पवित्र अद्भुत प्रथा मानी जाती है जो शुभ और समृद्धि की प्राप्ति की कामना करती है।



**शुभ मानने वाले:** तुलसी को शक्ति का प्रतीक माना जाता है। सिंदूर भी शक्ति का प्रतीक है।

कुछ लोग मानते हैं कि तुलसी को सिंदूर लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है।

कुछ लोग मानते हैं कि तुलसी को सिंदूर लगाने से देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में धन-धान्य की वृद्धि होती है।

**अशुभ मानने वाले:**कुछ लोग मानते हैं कि तुलसी को सिंदूर लगाना अशुभ है क्योंकि तुलसी विष्णु जी की प्रिय है और सिंदूर शिव जी का प्रिय है।

कुछ लोग मानते हैं कि तुलसी को सिंदूर लगाने से तुलसी के पौधे को नुकसान हो सकता है।

**इस बात का रखें ध्यान:** तुलसी माता को सिंदूर लगाना शुभ है या अशुभ, यह आपकी व्यक्तिगत मान्यता पर निर्भर करता है। यदि आप तुलसी को सिंदूर लगाना चाहते हैं, तो आप कर सकते हैं। यदि आपको लगता है कि यह अशुभ है, तो आप सिंदूर न लगाएं। पर, तुलसी को सिंदूर लगाने से पहले तुलसी के पौधे को अच्छी तरह से धो लें, फिर तुलसी को सिंदूर लगाते समय ध्यान रखें कि सिंदूर तुलसी के पत्तों पर न लगे और तुलसी को सिंदूर लगाने के बाद तुलसी के पौधे को पानी जरूर दें।

# चमत्कारी है कपूर, जीवन को संवारने का काम करता है यह

हिंदू धर्म में पूजा-पाठ का बहुत महत्व है। पूजा के दौरान कई चीजों को शामिल किया जाता हैं जिसमें से एक हैं कपूर। कपूर को बहुत ही ज्यादा शुभ और पवित्र माना गया है। कहा जाता है कि कपूर जलाने से घर की दूषित हवा उड़ जाती है और वातावरण शुद्ध हो जाता है। कपूर शुक्र ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है। ज्योतिष में कपूर से जुड़े कई चमत्कारी उपाय भी बताए गए हैं जिन्हें करने से जीवन में सुख-शांति का वास होता है और अचानक धन की भी प्राप्ति होती है। आज हम अपने खास खबर डॉट कॉम के पाठकों को कपूर के उन्हीं उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं जो जीवन को संवारने का काम करेंगे।

### नौकरी समस्याओं को दूर करने के लिए

नौकरी या कार्यस्थल में आप किसी भी प्रकार की समस्या का सामना कर रहे हैं , तो कपूर को एक रूमाल में बांध कर अपनी वर्क डेस्क के पास रख लें। ऐसा करने से कपूर अपनी सकारात्मक ऊर्जा से आस-पास का माहौल भी सकारात्मक बना देगा।

यदि पति-पत्नी के बीच लड़ाई-झगड़ा हमेशा बना रहता है तो कपूर का यह उपाय कारगर साबित होगा। इसके लिए पत्नी रात को पति के तकिए के नीचे कपूर को रख दें। इसके बाद सुबह जल्दी उठकर बिना किसी टोक के उसे जला दें। ऐसा करने से दांपत्य जीवन में हमेशा प्रेम बना रहेगा और शांति रहेगी।




### धन प्राप्ति के लिए

तंत्र शास्त्र के अनुसार, अचानक धन प्राप्ति और रुका हुआ धन को प्राप्त करने के लिए गुलाब के फूल में कपूर का टुकड़ा रख दें। फिर शाम के समय फूल में एक कपूर जला दें और फूल को देवी दुर्गा को चढ़ा दें। यह कार्य आप कभी भी शुरू करके कम से कम 43 दिनों तक जरूर करें। अगर आप यह कार्य नवरात्रि के दौरान करेंगे तो इसके और सकारात्मक प्रभाव आपको देखने को मिलेंगे।

### नजर उतारने के लिए

परिवार के जिस व्यक्ति को नजर लगने का शक हो, आप उसे सीधा खड़ा करें। इसके बाद कपूर का टुकड़ा लेकर सिर से लेकर पैर तक घड़ी के सुईं घूमने की दिशा में तीन बार नजर उतारें। इसके बाद कपूर को वहीं फर्श पर जला दें। ऐसा करते हुए इस बात का खास ध्यान रखें कि कपूर को किसी अंगारे या कागज पर रखकर न जलाएं बल्कि उसे फर्श पर रखकर सीधे ही आग लगा दें। ऐसा करने से उस व्यक्ति के ऊपर से बुरी नजर उतर जाती है और वह पहले की तरह भला-चंगा हो जाता है।

### घर में सुख-शांति के लिए

घर में सुख-शांति और सकारात्मक ऊर्जा के लिए हर रोज सुबह-शाम कपूर को घी में भिगोकर जलाएं और पूरे घर में उसकी खुशबू को फैलाएं। ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा दूर जाएगी और घर के सदस्यों के बीच आपसी प्रेम बना रहेगा। इससे घर में हमेशा सुख-शांति का वास होगा और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।

### सेहत को दुरुस्त करने के लिए

अगर आपकी सेहत लंबे वक्त से खराब चल रही है, तो आप नियमित सुबह से लेकर शाम तक कपूर को एक कपड़े में बांधकर अपने पास रखें और जब भी मौका मिले उसे सूंघ लें। ऐसा करने से आपकी सेहत पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। आप रात में सोते वक्त अपनी तकिया के नीचे भी कपूर रख सकती हैं। ऐसा करने से भी आपको लाभ मिलेगा।

संपादकीय

# जहां तक कानून ने देखा

**पर्यटन** की महफिल में मुसीबतों के पहाड़ का अंदाजा लगाना मुश्किल है, फिर भी अदालती संज्ञान की वजह से हम देख पाते हैं कि कितना काम बाकी और सरकार की हर एजेंसी को इस दिशा में कैसे सोचना होगा। माननीय उच्च न्यायालय ने फोरलेन के किनारे पर मलबे के टीले देखते हुए इन्हें तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए हैं। यह कालका-शिमला फोरलेन मार्ग का परिदृश्य है जिसे कानून ने देखा तो खामियां संबोधित हो गईं, वरना इन मंजिलों से रोजाना व्यवस्था लांघ कर भी अनजान है। कालका-शिमला फोरलेन को हाई कोर्ट ने जिस तरह परखा, उस पड़ताल के सबूत हर छोटे-बड़े मार्ग पर डराते हुए मिल जाएंगे। रास्ते की चौड़ाई पर मलबों के ढेर लगे हैं, हकीकत में चारों ओर यही हाल है। माननीय अदालत ने कीरतपुर-मनाली फोरलेन के किनारे आराम से बसे हुए अवैध निर्माण को हटाने के भी निर्देश दिए हैं। आश्चर्य यह कि ऐसे विषय प्रशासन की छाती पर तने हैं, फिर भी कानून को ही हर बार बताना और बुलाना पड़ता है। अवैध कब्जाधारी इतने सशक्त और निर्भय हैं कि सामान्य परिस्थितियों में ऐसा कसूर भी बेकसूर है। हमारी नीतियां, शासन पद्धति की बारीकियां और कार्य संस्कृति इस कद्र की जुगलबंदी में शरीक हैं कि अतिक्रमणकारी अब विशेषाधिकारी हो चुके हैं। सरकारी विकास के मार्ग पर अतिक्रमण के पंजे इतने भारी हैं कि हर परियोजना के विरोध में एक दुकानदारी चली है। हिमाचल में विशेष आर्थिक जोन की हर वकालत के विरोध के पीछे अतिक्रमणकारी शक्तियां रही हैं और ये व्यवस्थागत व सियासी शरण में सुरक्षित हैं। हर स्थानीय निकाय के जुर्म में उन्हीं के सदस्य अपना बचाव करते हुए जमीन से संपत्तियों तक कब्जा करते रहे। धर्मशाला के कचहरी अड्डे के करीब स्मार्ट रोड की हर लंबाई और चौड़ाई पर एक दुकान खड़ी है, लेकिन शहर को फुर्सत नहीं कि इस अतिक्रमण की विरासत का विरोध करे। प्रदेश के धार्मिक पर्यटन तथा प्रशासनिक शहरों के ऊपर अतिक्रमण के पांव चल रहे हैं, लेकिन नागरिक समाज इससे प्रेरित होकर खुद भी अवसर ढूंढ रहा है। विकास का संघर्ष नागरिक समाज से भी कहीं अधिक अतिक्रमण से है। कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के मामले में भी यही तथ्य सामने आया, तो सरकार ने पहली बार अवैध निर्माण के गले में भी मुआवजे का हार डाल दिया। अतिक्रमण के घूमते फिरते दैत्य अब वाहन बने हैं। आप सडक़ें चौड़ी करते जाइए, लेकिन गांव से शहर तक वाहनों के कब्जे में सारी व्यवस्था ध्वस्त है, इसलिए अगर हाई कोर्ट डीसी कुल्लू को पार्किंग व्यवस्था पर निर्देश दे रहा है, तो यह हुक्म हर शहर की योजना में झांक रहा है। वास्तव में हम यानी नागरिक समाज महज खिलौना है, जो यदा कदा अदालती निर्देशों में अपनी किस्मत के चिराग ढूंढता है। प्रदेश ने आज तक पार्किंग के लिए कोई नीति नहीं बनाई। प्रदेश में पंजीकृत 22 लाख वाहनों के अलावा इतने ही अगर बाहरी राज्यों से जुड़ रहे हैं, तो इसका अर्थ पार्किंग को दीन हीन बनाने से तभी रोक सकता है, यदि सरकार त्वरित विचार करे। हर शहर की चारों दिशाओं में चार मैदान बनाकर, नालों का चैनलाइजेशन करते हुए इनके ऊपर पार्किंग स्थल बना कर या मलबे को दूरगामी परियोजना के तहत आकार देते हुए समाधान ढूंढा जा सकता है। अगर वाहन पंजीकरण के साथ एकमुश्त पार्किंग शुल्क लगाया जाए तो बाईस लाख वाहनों से मात्र हजार-हजार रुपया वसूल कर भी हम सवा दो सौ करोड़ की पार्किंग परियोजनाओं को अमलीजामा पहना सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में दर्जन भर ट्रांसपोर्ट नगर बसा कर तथा हर शहर में महापार्किंग परिसर विकसित करके निजात पा सकते हैं। माननीय अदालत की चिंताओं में पर्यटक सहूलियतों का जिक्र व प्रदेश की छवि का गंभीर प्रश्न उभरता है। कहने को हम पांच करोड़ पर्यटकों की राह देख रहे हैं, लेकिन क्या हम इस आवाजाही में वाहनों की कतार व रफ्तार का अंदाजा लगा रहे हैं। भागसूनाथ में पंजाब से आए पर्यटक की मौत के कारण समझे बिना हम पर्यटन की नगरियां नहीं बना सकते। आज हिमाचल की कानून व्यवस्था की सबसे अधिक चुनौतियां पर्यटन मार्ग से ही आ रही हैं और ये मलबे के ढेर से ट्रैफिक जाम तक, पार्किंग की अफरातफरी से पर्यटक की सुरक्षा तक और नशे से व्यभिचार तक फैल रही हैं।

कालका-शिमला फोरलेन मार्ग का परिदृश्य है जिसे कानून ने देखा तो खामियां संबोधित हो गईं, वरना इन मंजिलों से रोजाना व्यवस्था लांघ कर भी अनजान है। कालका-शिमला फोरलेन को हाई कोर्ट ने जिस तरह परखा, उस पड़ताल के सबूत हर छोटे-बड़े मार्ग पर डराते हुए मिल जाएंगे। रास्ते की चौड़ाई पर मलबों के ढेर लगे हैं, हकीकत में चारों ओर यही हाल है। माननीय अदालत ने कीरतपुर-मनाली फोरलेन के किनारे आराम से बसे हुए अवैध निर्माण को हटाने के भी निर्देश दिए हैं। आश्चर्य यह कि ऐसे विषय प्रशासन की छाती पर तने हैं, फिर भी कानून को ही हर बार बताना और बुलाना पड़ता है। अवैध कब्जाधारी इतने सशक्त और निर्भय हैं कि सामान्य परिस्थितियों में ऐसा कसूर भी बेकसूर है। हमारी नीतियां, शासन पद्धति की बारीकियां और कार्य संस्कृति इस कद्र की जुगलबंदी में शरीक हैं कि अतिक्रमणकारी अब विशेषाधिकारी हो चुके हैं। सरकारी विकास के मार्ग पर अतिक्रमण के पंजे इतने भारी हैं कि हर परियोजना के विरोध में एक दुकानदारी चली है।

## चंदा लेने वाले राजनीतिक दलों की नीयत से भी पर्दा उठ गया

# चुनावी बांड ने सियासी दलों का भांडा फोड़ा

योगेंद्र योगी

सुप्रीम कोर्ट के भय से एसबीआई द्वारा किए गए खुलासे से जाहिर हो गया है कि जिस भी राजनीतिक दल का जोर चला उसने उसी हिसाब से उद्योपतियों और व्यवसायियों से चंदा वसूल किया है। यह तो निश्चित है कि कोई उद्यमी मुफ्त में कुछ नहीं देता। चंदा देने के दो ही तरीके हैं। पहला यह कि राजनीतिक दलों के डर के मारे देना पड़े और दूसरा ऐसा करने से निहित स्वार्थ साधे जा सकते हैं। किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को सार्वजनिक करवा कर सबको हमाम में नंगा कर दिया। इससे जाहिर हो गया कि दूध का धुला कोई राजनीतिक दल नहीं है।

**सुप्रीम** कोर्ट ने चुनावी बांड के मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सारे पैंतरे व्यर्थ कर दिए। इसके साथ ही इस पूरे मामले से चंदा लेने वाले राजनीतिक दलों की नीयत से भी पर्दा उठ गया। सुप्रीम कोर्ट के भय से एसबीआई द्वारा किए गए खुलासे से जाहिर हो गया है कि जिस भी राजनीतिक दल का जोर चला उसने उसी हिसाब से उद्योपतियों और व्यवसायियों से चंदा वसूल किया है। यह तो निश्चित है कि कोई उद्यमी मुफ्त में कुछ नहीं देता। चंदा देने के दो ही तरीके हैं। पहला यह कि राजनीतिक दलों के डर के मारे देना पड़े और दूसरा ऐसा करने से निहित स्वार्थ साधे जा सकते हैं। किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को सार्वजनिक करवा कर सबको हमाम में नंगा कर दिया। इससे जाहिर हो गया कि दूध का धुला कोई राजनीतिक दल नहीं हैं। जिस राजनीतिक दल की जितनी हैसियत है, उसने उसी हिसाब से चुनावी चंदा वसूला है। यही वजह है कि क्षेत्रीय दलों को कम और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को सर्वाधिक चंदा मिला है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट की इस पूरी कवायद में उद्यमी दो पाटों के बीच फंस गए हैं। उद्यमी कभी यह नहीं चाहते थे कि उनके चंदा देने का खुलासा हो। खुलासा होने के बाद उनके साथ कम चंदा मिलने या नहीं मिलने पर राजनीतिक दल बदले की भावना से काम करे बिना नहीं मानेंगे। ऐसे में उद्यमी चंदा देकर मुसीबत मोल ले बैठे। यदि उद्यमी सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों से बच गए तो राज्यों में सत्तारूढ़ गैर भाजपा दलों की राज्यों की एजेंसियों की लपेटे में आ सकते हैं। राज्य की एजेंसियां किसी न किसी बहाने चंदा कम मिलने या नहीं मिलने का हिसाब चुकता किए बगैर नहीं मानेंगी। बदले की भावना से राजनीतिक दलों द्वारा कराई गई ऐसी कार्रवाई को छिपाने के लिए एजेंसियां रटा-रटाया जवाब पहले भी देती रही हैं कि कानून अपना काम करेगा। राजनीतिक दलों ने ऐसे उद्यमियों से भी चंदा लेने से गुरेज नहीं किया जिन पर केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय की नजर है। दूसरे शब्दों में कहें तो उद्यमी इस मंशा को भांप गए कि चंदा देकर निशाने से कैसे बचा जा सकता है। चुनावी बांड की योजना लागू होने के बाद इसके माध्यम से सबसे अधिक 6986.5 करोड़ रुपए की धनराशि भाजपा को प्राप्त हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस को 1397 करोड़ रुपए, कांग्रेस को 1334



करोड़ रुपए और बीआरएस को 1322 करोड़ रुपए मिले। चुनावी बॉन्ड से सबसे ज्यादा दान पाने वालों की पार्टियों में तृणमूल दूसरे, कांग्रेस तीसरे और बीआरएस चौथे नंबर की पार्टी है। खास बात यह भी है कि जिन राजनीतिक दलों के पास सत्ता नहीं है और जिनके सत्ता में आने की संभावना क्षीण है, उनका आकलन करके चंदा देने वालों ने किनारा कर लिया। यदि सुप्रीम कोर्ट एसबीआई को इसका खुलासा करने पर मजबूर नहीं करता तो इस गठजोड़ का खुलासा कभी नहीं हो पाता। कई राजनीतिक दलों ने विभिन्न कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए चुनावी बॉन्ड देने वालों का विवरण साझा करने से इन्कार करते रहे। जबकि कुछ दलों ने कहा कि उन्हें ड्रॉप बॉक्स या डाक के माध्यम से चंदा मिला है, जिन पर किसी का नाम नहीं था। एक लॉटरी कंपनी से अधिकांश चंदा हासिल करने वाली द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने 2019 में उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार चुनावी बॉन्ड का विवरण प्राप्त करने के लिए अपने दानकर्ताओं से संपर्क किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चंदा देने वालों का खुलासा न करने के लिए जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन और भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम तथा आयकर अधिनियम के संबंधित पहलुओं का हवाला दिया। भाजपा ने निर्वाचन आयोग को लिखे अपने पत्र में कहा कि विधिवत प्रस्तुत किया जा चुका है कि चुनावी बॉन्ड योजना केवल राजनीतिक वित्तपोषण में धन का हिसाब-किताब रखने और दानदाताओं को किसी भी परिणाम से बचाने के उद्देश्य से पेश की गई थी। कांग्रेस ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को एक पत्र लिखकर चुनावी बॉन्ड दाताओं, धनराशि, तारीख और उस बैंक खाते का विवरण मांगा जिसमें ये जमा किए गए थे। एसबीआई ने कांग्रेस को जवाब दिया कि चुनावी बॉन्ड का विवरण राजनीतिक दलों के पास उपलब्ध है और बैंक खाते की जानकारी आयोग के साथ साझा की गई है। समाजवादी पार्टी ने एक लाख रुपए और 10 लाख रुपए की अपेक्षाकृत छोटी राशि के बॉन्ड का विवरण साझा किया। पार्टी ने बताया कि उसे एक करोड़ रुपए के 10 बॉन्ड बिना किसी नाम के डाक से प्राप्त हुए थे। लगभग 77 प्रतिशत चंदा लॉटरी किंग कहे जाने वाले सेंटियागो मार्टिन की कंपनी फ्यूचर गेमिंग से हासिल करने वाली द्रमुक ने कहा कि उसने दान का विवरण हासिल करने के लिए दानदाताओं से संपर्क किया था। द्रमुक ने कहा कि इस योजना के तहत दान लेने वाले को दानकर्ता का विवरण देने की भी आवश्यकता नहीं थी। फिर भी, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए, हमने अपने दानदाताओं से संपर्क करके विवरण हासिल किया। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने दानदाताओं के नामों की जानकारी वाले कॉलम में तत्काल उपलब्ध नहीं लिखा है। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि चुनावी बॉन्ड पार्टी कार्यालय में भेजे गए थे और उन्हें ड्रॉप बॉक्स में डाल दिया गया था। टीएमसी ने कहा कि पार्टी का समर्थन करने की इच्छा रखने वाले विभिन्न व्यक्तियों की ओर से दूतों के माध्यम से कुछ बॉन्ड भेजे गए थे जिनमें से कई ने गुमनाम तरीके से दान किया। शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने बॉन्ड देने वालों का विवरण प्रस्तुत करने में असमर्थता व्यक्त की, क्योंकि पार्टी ने विवरण नहीं रखा था और न ही कोई रसीद जारी की थी। राकांपा ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि उसके कई पदाधिकारी चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। राकांपा ने कहा कि जहां भी संभव हुआ, हमने उस व्यक्ति का नाम बताया है जिसके माध्यम से पार्टी को बॉन्ड प्राप्त हुए थे। कांग्रेस की गोवा इकाई ने पार्टी को मिले 30 लाख रुपए के चुनावी बॉन्ड का विवरण प्राप्त करने के लिए अपने दानदाता वीएम सालगांवकर एंड ब्रदर्स से संपर्क किया। राष्ट्रीय जनता दल ने कहा कि 1.5 करोड़ रुपए के दान के बारे में विवरण आसानी से उपलब्ध नहीं है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल (यूनाइटेड) ने आयोग को बताया है कि किसी ने 2019 में उसके कार्यालय में 10 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड वाला एक लिफाफा दिया था, जिसे पार्टी ने भुना लिया।

दृष्टि कोण

# आत्मनिर्भरता की ओर... संस्कृति से समृद्धि की राह पर बढ़ता यूपी

**उत्तर** प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि का हमारा व्रत सात वर्ष पूर्ण कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन को मिशन के रूप में आत्मसात करते हुए 2017 में डबल इंजन की सरकार ने सुरक्षा, सुशासन और विकास की जिस यात्रा को प्रारंभ किया था, वह आज 'नए भारत के नए उत्तर प्रदेश' के रूप में पूरे देश के समक्ष प्रस्तुत है। हमारी नीतियों के प्रति जिस प्रकार जनता ने अपना सहयोग और समर्थन दिया है, उससे यह विश्वास और दृढ़ हो चला है कि स्पष्ट नीति, साफ नीयत, प्रतिबद्धतापूर्ण नियोजन के सद्प्रयास अवश्य फलित होते हैं। उत्तर प्रदेश के बदलाव की चर्चा आज राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हो रही है, तो इसके पीछे 'ट्रिपल सी' यानी, कल्चर, कनेक्टिविटी और कॉमर्स का मंत्र है। आज अयोध्या, काशी, मथुरा जैसे सनातन आस्था के मानबिंदुओं का यशगान पूरी दुनिया में हो रहा है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद श्रीअयोध्याधाम में भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में श्रीरामलला भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर पुनरोद्धार, विंध्यधाम कॉरिडोर, ब्रज भूमि, नैमिषारण्य धाम, और सोरों-सूकर क्षेत्र आदि के समग्र विकास के प्रयासों ने धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में नवीन संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त किया है। हाल के वर्षों में देश के विभिन्न प्रांतों से करोड़ों श्रद्धालुओं का प्रदेश में आगमन हुआ है, जिन्होंने स्थानीय अर्थव्यवस्था में बड़े पैमाने पर योगदान दिया है। परिणामतः, रोजगार के अवसर बढ़े हैं, खुशहाली के नवीन द्वार खुले हैं। आज उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा टूरिज्म हब बनने की ओर अग्रसर है। यह बदलाव, नए बनते अवसर आस्था, अर्थव्यवस्था और संस्कृति की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आज उत्तर प्रदेश में जल, थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। देश का सबसे बड़ा रेल और रोड नेटवर्क यहीं है। यही एकमात्र प्रदेश है, जहां पांच अंतरराष्ट्रीय और 16 घरेलू हवाई अड्डे हैं। ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन यहां है। छह एक्सप्रेसवे संचालित हैं, सात निर्माणाधीन हैं। हमारी योजना है कि अगले वर्ष जब पूरी दुनिया से संत व श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के लिए आएं, तो उन्हें गंगा एक्सप्रेसवे का सुखद अनुभव प्राप्त हो। प्रधानमंत्री के विशेष स्नेह का परिणाम है कि देश का पहला इनलैंड वाटर-वे और पहली रैपिड रेल के संचालन का गौरव प्रदेश को प्राप्त हुआ। 'नए भारत का यह नया उत्तर प्रदेश' आज 'स्व' से साक्षात्कार कर रहा है। अपनी प्रतिभा, परंपरा और संभावनाओं को पहचान कर यह सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। यहां आस्था, परंपरा और विरासत का सम्मान है, तो अर्थव्यवस्था पर भी पूरा ध्यान है। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में राष्ट्रीय जीडीपी में 9.2 फीसदी का योगदान कर रहा है। बीते सात वर्षों में राज्य की सकल घरेलू आय में दोगुने से अधिक वृद्धि हुई है। रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में उत्तर प्रदेश की सशक्त पहचान बनी है, जो दर्शाता है कि प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ा है। प्रति व्यक्ति आय में दोगुने से अधिक वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले वर्ष ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में दुनिया भर से 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिलना न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि देश के किसी भी राज्य के इतिहास में अभूतपूर्व घटना थी। यह प्रदेश को निवेश के श्रेष्ठ गंतव्य और भविष्य के भरोसे के रूप में व्यक्त करता है। एक वर्ष की अवधि के भीतर हमने 10.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का क्रियान्वयन भी शुरू कर दिया। इतनी बड़ी राशि का निवेश युवाओं के सपनों को साकार करने में भी सहायक होगा। हर हाथ को काम मिलेगा, हर घर खुशहाली आएगी। इन वर्षों में साढ़े छह लाख युवाओं को पारदर्शी ढंग से सरकारी नौकरियां मिली हैं। हमने चार लाख करोड़ रुपये से लेकर 40 लाख करोड़ रुपये तक के निवेश प्रस्तावों की जो यात्रा तय की है, इसने प्रदेश में नवोन्मेष और स्टार्टअप संस्कृति के विकास को प्रोत्साहित किया है। इसका परिणाम है कि आज प्रदेश का युवा 'जॉब सीकर' से आगे बढ़कर 'जॉब क्रिएटर' बन रहा है। डबल इंजन सरकार के सात वर्ष 'संकल्प से सिद्धि' के रहे हैं। इन वर्षों में अंत्योदय से सर्वोदय तक, स्वास्थ्य से शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर से इंडस्ट्री, कृषि से कॉमर्स और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से ईज ऑफ लिविंग तक के संकल्प को समवेत करते हुए 'विकसित उत्तर प्रदेश' का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

कुछ अलग

# नेता जी की कोठी में मदनोत्सव

**वैसे** तो नेता जी की कोठी में उत्सव होना कोई नई बात नहीं है। इधर चुनावों का बिगुल बजता है, उधर नेता जी के घर उत्सव शुरू हो जाता है। दारू की पेटियां पहुंचने लगती हैं। शौकीनों की बहार आ जाती है। दो घूंट अंदर जाते ही 'जिंदाबाद-जिंदाबाद' के नारों से पूरी कोठी गुंजायमान हो जाती है। नेताजी के चुनाव जीतने के बाद तो उत्सव लगातार कई दिन चलता है। पूरी कोठी रंगीन लाइटों से जगमग करने लगती है। बधाई देने के लिए जब थोड़ा रुतबे वाले लोग आते हैं तो जाहिर है कि दारू के ब्रांड भी सुपीरियर हो जाते हैं। अब सडक़ छाप समर्थकों की बजाय धन्ना सेठों और ब्यूरोक्रेट्स की गाडियां नेताजी की कोठी की शोभा बढ़ाने लगती हैं। नेताजी जब अपने राजयोग को और मजबूत करने के लिए मंगल, केतु, राहु और शनि जैसे ग्रहों को साध लेते हैं और बिल्ली के भाग्य से छींका फूटने की तजर्.पर जब उन्हें झंडी वाली गाड़ी मिल जाती है तो फिर उत्सवों का सिलसिला स्थायी रूप धारण कर लेता है। उनके घर जाती रोड वीआईपी रोड में तब्दील हो जाती है। पायलट गाड़ी नेताजी के आगे पीछे लग जाती है। उनकी पांचों उंगलियां घी में और सिर कड़ाही में हो जाता है। यानी उत्सवों का नशा सिर चढक़र बोलने लगता है। नेताजी का रोम-रोम उत्सवमय हो जाता है। उत्सवों की अंतहीन श्रृंखला में पहली मर्तबा नेताजी की कोठी पर मदनोत्सव का आयोजन हुआ। अफसर और अफसरनियां तो गुलाल लेकर आए ही, नेताजी की कई चेलियां भी वहां खिलखिलाती हुई नमूदार हो गईं। उनके चेहरे रंग से इतने पुते हुए थे कि यह पता लगाना मुश्किल था कि उनमें शीला कौन है, लीला कौन है और बसंती कौन...! नेताजी एक संत की तरह विनम्रता की प्रतिमूर्ति बने अपने चेहरे पर रंग लगवाए जा रहे थे और बीच-बीच में किसी-किसी से कनखियों में बतियाये भी जा रहे थे। उनके चेहरे की रंगत और आंखों का नूर देखते ही बनता था। वे अच्छे खासे सिद्ध पुरुष मालूम पड़ रहे थे। मदनोत्सव के लिए नेता जी ने क्या क्या प्लानिंग कर रखी है, यह जानने की उत्सुकता खाकसर के भीतर कुलांचे भर रही थी। जेहन में लगातार नए नए आइडिया दस्तक दे रहे थे। एक आइडिया ने दिमाग में ऐसी सरगोशी की कि खाकसार भी पैंट, कोट, हैट और काला चश्मा लगाकर किसी सुपर हीरो की तरह मस्ती से डग भरते और सिक्योरिटी गार्डों का सलाम कबूलते हुए भीतर पहुंचने में कामयाब हो गया। फिर किसी मंझे हुए एंकर की तरह अपने मोबाइल से नेताजी की कोठी में चल रहे मदनोत्सव का नजारा लाइव दिखाना शुरू कर दिया। अब लोग लाइव देख रहे हैं...और क्या देख रहे हैं कि... नेताजी को रंग लगाने दूसरे दलों के नेता भी आए हैं। जिनके खिलाफ नेताजी आए रोज बयानों के गोले छोड़ते हैं, वे भी नेताजी की बगल में विराजमान हैं। एक-दूसरे को कोहनियां मार रहे हैं। एक दूसरे के कान में फुसफुसा रहे हैं। स्माइल पर स्माइल दे रहे हैं। ऐसे लग रहा है जैसे दोनों विरोधी नहीं बल्कि एक ही थैली के चट्टे बट्टे हों। राजनीति में पार्टनर हों। एक दूसरे के कारनामों के राजदार हों। लोग लाइव देख रहे हैं... कि नेताजी भीतर से पुरानी ढोलकी उठा लाए हैं और ढोलकी पर थाप देते हुए नृत्य की मुद्रा में आ गए हैं। उनके समर्थक 'जय हो' का नारा लगा रहे हैं और नेताजी ठुमक ठुमक कर होली के रंग हवा में बिखेर रहे हैं। उनकी भाव भंगिमाएं सभी को चकित कर रही हैं। नेताजी लीडर होने के साथ-साथ अच्छे खासे नर्तक भी हैं, ऐसा दृश्य पहली बार लोग देख रहे हैं। लोग तालियां बजा रहे हैं। एक अति उत्साही समर्थक ने डीजे बजाना भी शुरू कर दिया है। मदनोत्सव अपने शबाब पर है। खाकसार ने भी लाइव कवरेज बीच में छोडक़र नेताजी की एक चेली के साथ नाचना शुरू कर दिया है।

देश दुनीया से

# सामाजिक क्रांति के प्रतीक थे भगत सिंह

बीसवीं सदी में महात्मा गांधी के अलावा जिस शख्स ने देश व दुनिया भर में अपने विचारों व शहादत से बेशुमार जनमानस के हृदय को आंदोलित किया, उसके शीर्ष पर केवल एक नाम व उसके साथी सुशोभित हैं। यानी भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव। प्राय: गांधी को अहिंसा का पुजारी और भगत सिंह को हिंसा या आतंक से आज़ादी हासिल करने का प्रतीक माना जाता है। छोटी आयु में ही भगत सिंह कार्ल माक्र्स, लेनिन, मैक्सिम गोर्की व अन्य अनेक लेखकों के विचारों से अभिप्रेरित हुए थे। वे पूंजीपतियों व संसाधनों पर कब्जा जमाए अमीरजादों और मजदूरों, किसानों के मध्य बनी रहने वाले खाई को पाटना चाहते थे।

**करीब** एक सदी के बाद भी भगत सिंह व उनके साथियों की शहादत अगर करोड़ों भारतवासियों के लिए प्रेरणादायक बनी हुई है तो यह इस बात का साक्षी है कि सर्वहारा के शोषण, उत्पीडऩ, अत्याचार के विरुद्ध न्यायप्रिय आवाज़ें हर युग, हर दौर में मुखर रहेंगी। बीसवीं सदी में महात्मा गांधी के अलावा जिस शख़्स ने देश व दुनिया भर में अपने विचारों व शहादत से बेशुमार जनमानस के हृदय को आंदोलित किया, उसके शीर्ष पर केवल एक नाम व उसके साथी सुशोभित हैं। यानी भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव। प्रायः गांधी को अहिंसा का पुजारी और भगत सिंह को हिंसा या आतंक से आज़ादी हासिल करने का प्रतीक माना जाता है। छोटी आयु में ही भगत सिंह कार्ल माक्र्स, लेनिन, मैक्सिम गोर्की व अन्य अनेक लेखकों के विचारों से अभिप्रेरित हुए थे। वे पूंजीपतियों व संसाधनों पर कब्जा जमाए अमीरजादों और मजदूरों, किसानों के मध्य बनी रहने वाले खाई को पाटना चाहते थे। 200 साल पहले कार्ल माक्र्स ने यही स्वप्न देखा था। आज़ाद भारत के नक्शे पर भगत सिंह मजदूरों व आम आदमी के जिस सम्मान, स्वाभिमान व आर्थिक रूप से समाज में उनके कल्याण व उत्थान का सपना देख रहे थे, वह साकार होने की बज़ाय ध्वस्त हुआ है। पूंजी और संसाधनों का गरीब तबके पर नियंत्रण यथावत बना हुआ है। क्रांति का अर्थ खूनी लड़ाई नहीं है। बम या पिस्तौल का प्रयोग एकमात्र उद्देश्य नहीं है। क्रांति का मूल उद्देश्य उस अन्याय को समूल्य नष्ट करना है जिसकी बुनियाद पर शासन प्रणाली का निर्माण हुआ है। किसान, मजदूर हाशिए पर हैं। उनकी गहरी कमाई का सारा धन पूंजीपति चख रहे हैं। किसान अन्नदाता है, लेकिन दाने-दाने को मोहताज है। सूत कातने वाला जुलाहे के पास अपना व अपने परिवार का तन ढांपने के लिए कपड़ा नहीं है। राजगीर, लौहार तथा बढ़ई सुंदर महलों, घरों का निर्माण करते हैं, लेकिन उन्हें सूअर की तरह गंदे बाड़ों में जीवन के अंत तक रहना पड़ता है। फांसी से कुछ हफ्ते पहले भगत सिंह ने 'यंग पॉलिटिकल वर्कर्स' पत्रिका में लिखा था, आप क्रांति अमर रहे के नारे लगाते हैं। मैं यह मानकर चल रहा हूं कि क्रांति का वास्तविक अर्थ मौजूदा सामाजिक व्यवस्था का तख्ता पलटा है। इसे समाजवाद की व्यवस्था से बदलना होगा। कांग्रेस मध्यवर्ग के दुकानदारों और पूंजीपतियों की पार्टी है। ये ऐसा तबका है जो क्रांति के आंदोलन में अपनी जायदाद प्रापर्टी को अपने हाथों से छिन जाने का जोखिम नहीं उठा सकता। क्रांति की सेवा गांवों और फैक्टरियों में है। भगत सिंह समाज की बेशुमार समस्याओं पर एक साथ मुखर थे। साल 1923 में आंध्र प्रदेश के काकीनाडा कांग्रेस अधिवेशन के बाद अस्पृश्यता पर एक लेख लिखा था। यह लेख उस दौर में अमृतसर से छपने वाली पत्रिका 'किरत' में छपा था। वेद, पुराण, उपनिषद, भगवद्गीता आदि धार्मिक ग्रंथ दलितों की पहुंच से बाहर हैं। वे उन्हें छूने की कल्पना तक नहीं कर सकते। वे ब्राह्मणों की परम्परा के अनुसार गले में जनेऊ नहीं पहन सकते। छुआछूत पर उनका कहना था, 'किसी भी देश में कभी ऐसी सड़ी गली व्यवस्था नहीं होगी जैसी भारत में है।' जून 1928 को वे लिखते हैं, 'बड़ा प्रश्न दलितों का है। 30



करोड़ आबादी में 6 करोड़ अछूत हैं। अगर कोई स्वर्ण उन्हें छू लेता है तो उसका धर्म प्रदूषित हो जाता है। अगर वे मंदिरों में जाते हैं तो देवता रूठ जाते हैं। कुएं से पानी भरते हैं तो जल प्रदूषित हो जाता है। कल्पना करो एक कुत्ता हमारी गोद में बैठ सकता है, रसोई में भी जा सकता है, मगर कोई दलित आपको स्पर्श कर ले तो धर्म बर्बाद हो जाता है। महान समाज सुधारक मदन मोहन मालवीय को अगर कोई वाल्मीकि फूलों का हार पहना दे तो वे तुरंत नहाने चले जाते हैं। अपने कपड़े धोते हैं ताकि अछूत के स्पर्श से स्वयं को शुद्ध कर सकें।' तीनों क्रांतिकारियों को फांसी के पूर्व और बाद की घटनाओं में महात्मा गांधी की भूमिका को लेकर समूचा देश सकते की स्थिति में था। देशवासी चाहते थे कि गांधी वाइसराय पर फांसी रोक देने का दबाव बनाएं। लेकिन गांधी राजनीतिक हिंसा, कत्लोगारत के विरुद्ध थे। गांधी ने फांसी के बाद कहा था, 'हमें यह समझ कर संतोष करना होगा कि फांसी की सजाएं रद्द करना संधि के प्रस्तावों के निहित न था। मेरी व्यक्तिगत राय से भगत सिंह और उनके साथियों को फांसी से हमारी शक्ति बढ़ गई है। सरकार पर हम गुंडेपन का आरोप लगा सकते हैं, परंतु संधि भंग करने का दोष नहीं मढ़ सकते। फांसी से पूर्व कांग्रेस से लोगों ने अपील की थी कि वह सरकार से समझौते की शर्तों में एक शर्त भगत सिंह व उनके साथियों की रिहाई की मांग रखे। इससे गांधी ने इन्कार कर दिया था। वे बम या पिस्तौल कल्ट के विरुद्ध थे।

आप का नजरीया

# गिरफ्तारी के मायने

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और शराब घोटाले की नियति शायद यही थी। केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के 9 समन्स को लगातार 'अवैध' करार देते रहे और कभी पेश नहीं हुए। यह करके केजरीवाल ने संविधान और कानून को भी ठेंगा दिखाया। दिल्ली उच्च न्यायालय के जरिए उन्होंने 2 माह का संरक्षण मांगा, ताकि वह आम चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के लिए प्रचार कर सकें। इस अवधि के दौरान उन्हें गिरफ्तार न किया जाए, लेकिन ईडी की पटकथा में 'क्लाईमेक्स' तब आया, जब न्यायाधीशों ने चैंबर में शराब घोटाले और ईडी की जांच से जुड़े दस्तावेजों को देखा। नतीजतन अदालत ने केजरीवाल को संरक्षण देने से इंकार कर दिया। पटकथा अंतिम अध्याय की ओर बढऩे लगी। ईडी गुरुवार शाम को ही मुख्यमंत्री आवास जा धमकी। शुरुआत में कहा गया कि टीम 10वां समन देने आई है। कुछ तलाशी की दलीलें भी दी गईं। ईडी की टीम कानूनन दस्तावेज तैयार कर आई थी। अंततः 2 घंटे से अधिक समय तक आधा दर्जन अधिकारियों ने केजरीवाल से पूछताछ की, फिर वही हुआ, जो ऐसे मामलों में होता रहा है। केजरीवाल देश के प्रथम पदासीन मुख्यमंत्री हैं, जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। अब केजरीवाल को धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत ईडी की गिरफ्तारी में रहकर उन सवालों को झेलना पड़ेगा, जिन्हें वह और 'आप' के प्रवक्ता हंसी और हवा में उड़ाते रहे थे। अक्सर उनके तर्क रहते थे कि प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ केजरीवाल से ही डरते हैं, लिहाजा उन्हें जेल में डालना चाहते हैं। ऐसे तर्क सियासत की भाषा तक ही सीमित हैं, अलबत्ता मोदी 10 साल से देश के प्रधानमंत्री हैं और किसी से डर कर या खौफ खाकर उन्होंने ये जनादेश प्राप्त नहीं किए। अब वह तीसरे कार्यकाल के लिए जनादेश हासिल करने की होड़ में जुटे हैं। चूंकि धनशोधन का कानून बेहद कड़ा और पेचीदा है, लिहाजा दिल्ली सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया 13 महीने और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन 23 महीने से जेल की सलाखों में कैद हैं। 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी बीते अक्तूबर माह से जेल में हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं सर्वोच्च अदालत के स्तर पर खारिज की जा चुकी हैं। आम आदमी का 'खास' और शीर्ष नेतृत्व जेल में बंद हो चुके हैं। 'आप' के लिए पहला राजनीतिक और अस्तित्व संबंधी संकट यही है। 'आप' के 14 और नेता जेल जा चुके हैं और जमानत पर बाहर हैं। ईडी ने बीते दिनों तेलंगाना की 'भारत राष्ट्र समिति' पार्टी की नेता के. कविता की गिरफ्तारी के बाद एक प्रेस विज्ञप्ति में दावा किया था कि कविता के जरिए 100 करोड़ रुपए आम आदमी पार्टी को दिए गए। केजरीवाल 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक हैं, लिहाजा वह प्रत्यक्ष तौर पर जवाबदेह हैं। यदि केजरीवाल खुद को बिल्कुल मासूम और निर्लिप्त मानते हैं, तो उन्हें यह साबित करना होगा। ईडी का यह भी दावा है कि 100 करोड़ रुपए की घूस और शराब नीति से 2873 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। शराब माफिया को फायदा पहुंचाने के लिए 136 करोड़ रुपए की लाइसेंस फीस माफ की गई। उसके एवज में 100 करोड़ रुपए की घूस दी गई। संभव है कि अब ईडी केजरीवाल और कविता को आमने-सामने बिठा कर सवाल-जवाब करेगा, तो कई सत्य बेपर्दा हो सकते हैं।

# दिनेश कार्तिक का फिनिशिंग टच, विराट का बोला बल्ला, आरसीबी को मिली सीजन की पहली जीत

**बेंगलुरु, 25 मार्च (एजेंसियां)।** आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का खाता खुल गया है। टीम ने पंजाब किंग्स को अपने घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 4 विकेट से हरा दिया।उछाल लेती पिच पर पंजाब किंग्स ने छह विकेट पर 176 रन बनाये। जवाब में विराट कोहली ने आरसीबी के लिए अर्धशतक लगाया लेकिन दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरते रहे। अंत मे दिनेश कार्तिक ने 10 गेंद पर नाबाद 28 और महिपाल लमरोर ने 8 गेंदों पर 17 रन बनाकर अपनी को 4 गेंद रहते जीत दिला दी।कप्तान शिखर धवन और जितेश शर्मा ने पंजाब किंग्स के लिए उपयोगी पारियां खेली। धवन ने 37 गेंद में 45 रन बनाये जबकि जितेश ने 20 गेंद में 27 रन की पारी खेली। अंत में शशांक सिंह ने 8 गेंदों पर 21 रन ठोके। आरसीबी ने हरी भरी पिच पर टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। आरसीबी के लिये मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने दो दो विकेट लिये। पंजाब की शुरूआत खराब रही और जॉनी बेयरस्टो जल्दी आउट हो गए। पिछले साल विश्व कप से चला आ रहा



उनका खराब फॉर्म जारी रहा। सिराज की गेंद पर खराब शॉट खेलकर वह कवर्स में विराट कोहली को कैच दे बैठे।पहला विकेट 17 रन पर गंवाने के बाद धवन और प्रभसिमरन ने 38 गेंद में 55 रन जोड़े। धवन काफी सहज होकर खेलते नजर आये और ढीली गेंदों को नसीहत भी दी। उन्होंने बायें हाथ के स्पिनर मयंक डागर की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा। प्रभसिमरन ने कैमरन ग्रीन को मिडविकेट पर फ्लिक शॉट खेलकर छक्का लगाया। खतरनाक होती इस साझेदारी को मैक्सवेल ने तोड़ा जब प्रभसिमरन उन्हें पूल शॉट खेलने आगे निकले और अनुज रावत ने विकेट के पीछे उनका कैच लपक लिया। रावत ने 12वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन का भी कैच लपका और इस बार गेंदबाज अलजारी जोसेफ थे।अगली गेंद पर पंजाब को सबसे बड़ा झटका धवन के विकेट के रूप में मिला। वह मैक्सवेल को ऊंचा शॉट खेलने के प्रयास में लांग आन पर कोहली को कैच दे बैठे। पंजाब का स्कोर इस समय 12 . 1 ओवर में चार विकेट पर 98 रन था। इसके बाद जितेश ने डागर को लगातार दो छक्के लगाये। उन्होंने सैम करन के साथ पांचवें विकेट के लिये 34 गेंद में 52 रन जोड़कर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। शशांक सिंह ने जोसेफ के आ-खिरी ओवर में 20 रन निकाले।

# विराट कोहली ने रैना को पछाड़ा जडेजा टॉप-5 में भी नहीं

## -टी20 में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय की लिस्ट

**नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसियां)।** विराट कोहली ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के मुकाबले में दो कैच लिए। पहले उन्होंने सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का कैच कवर के पास लिया। फिर शिखर धवन को लॉन्ग ऑफ पर लपका। विराट कोहली अब टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय फील्डर बन गए हैं। इस मौके पर हम आपको टी20 में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले टॉप-5 भारतीय खिलाड़ियों के बारे में बताने जा रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात है कि इसमें रविंद्र जडेजा का नाम ही नहीं है



विराट कोहली की गिनती सबसे बेहतरीन फील्डर में होती है। पंजाब किंग्स के खिलाफ दो कैच के साथ उनके टी20 क्रिकेट में कुल 174 कैच हो गए हैं। इसमें 52 कैच उन्होंने भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल मैचों में लिए हैं। आईपीएल में विराट ने 108 कैच लपके हैं।

विराट कोहली ने सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा है। पूर्व भारतीय बल्लेबाज रैना की फील्डिंग का कोई जवाब नहीं था। वह आज भी आईपीएल में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले फील्डर हैं। रैना की गिनती भारतीय क्रिकेट के सबसे बेहतरीन फील्डर में होती है।इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा 60 कैच लेने वाले भारतीय हैं। आईपीएल में भी रोहित 99 कैच लपक चुके हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में रोहित ने शुभमन गिल का कैच लिया था।

मनीष पांडे की बैटिंग से ज्यादा उनकी फील्डिंग की चर्चा होती है। आईपीएल में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज मनीष पांडे के नाम 146 कैच हैं। आईपीएल के इस सीजन में वह कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा हैं लेकिन पहले मैच में खेलने का मौका नहीं मिला था।

सूर्यकुमार यादव इस लिस्ट में 5वें नंबर पर हैं। रविंद्र जडेजा का नाम टॉप-5 में नहीं होना कई लोगों के लिए चौंकाने वाला हो सकता है। मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले सूर्या आईपीएल में 64 कैच ले चुके हैं। उन्होंने काफी घरेलू क्रिकेट भी खेला है।

# श्रीलंका की तेज गेंदबाजी के सामने घुटनों पर आया बांग्लादेश

## -घर में मिली 328 रनों की हार

सिलहट (बांग्लादेश): तेज गेंदबाज कासुन रजिता ने 56 रन देकर 5 विकेट लिए जिससे श्रीलंका ने मंगलवार को बांग्लादेश को दूसरी पारी में 182 रन पर आउट करके पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 328 रन की बड़ी जीत दर्ज की। बांग्लादेश के सामने 511 रन का मुश्किल लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम किसी भी समय श्रीलंका को चुनौती देने की स्थिति में नहीं दिखी। श्रीलंका ने मैच के चौथे दिन ही जीत दर्ज करके दो मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई।



कासुन रजिता ने लिए 8 विकेट

कासुन रजिता ने पहली पारी में 56 रन देकर तीन विकेट लिए थे। इस तरह से उन्होंने मैच में 112 रन देकर 8 विकेट लिए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दूसरी पारी में उनके अलावा विश्वा फर्नांडो ने तीन और लाहिरू कुमारा ने दो विकेट लिए। बांग्लादेश की तरफ से केवल मोमिनुल हक ही कुछ संघर्ष कर पाए। उन्होंने 148 गेंद पर 87 रन बनाए जिसमें 12 चौके और एक छक्का शामिल हैमैच में बांग्लादेश के सभी 20 विकेट श्रीलंका के तेज गेंदबाजों ने लिए। बांग्लादेश में टेस्ट इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब टीम के सभी 20 विकेट तेज गेंदबाजों ने झटके। वहीं श्रीलंका के तेज गेंदबाजों ने टेस्ट इतिहास में सिर्फ तीसरी बार ऐसा किया है।श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 280 रन बनाए थे जिसके जवाब में बांग्लादेश की टीम 188 रन पर आउट हो गई थी। श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में 418 रन बनाकर बांग्लादेश के सामने मुश्किल लक्ष्य रखा था। दोनों पारियों में शतक लगाने वाले धनंजय डिसिल्वा (102 और 108) को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। श्रीलंका के लिए कमिंदु मेंडिस ने दोनों पारियों में शतक ठोका था। सीरीज का दूसरा और आखिरी मैच 30 मार्च से चटोग्राम में खेला जाएगा।

# 26 मई को फाइनल, चेन्नई और अहमदाबाद में होंगे प्लेऑफ

## -आईपीएल का पूरा शेड्यूल घोषित

**नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसियां)।** क्रिकेट का त्योहार शुरू हो चुका है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (इउउख) ने पहले 7 अप्रैल तक के शेड्यूल का ऐलान किया था। आईपीएल 2024 के बाकी मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया है। सबसे जरूरी बात ये है कि इस बार आईपीएल का कोई भी मैच विदेश में नहीं होगा। पूरे 74 मैच भारत में ही खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के प्लेऑफ मुकाबले अहमदाबाद और चेन्नई में होंगे। पहला क्वालीफायर और एलिमिनेटर 21 और 22 मई को मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा, जबकि दूसरा क्वालीफायर और फाइनल 24 और 26 मई को चेन्नई के चेपॉक में होगा।

**डिफेंडिंग चैंपियन होस्ट करती है फाइनल**

प्लेऑफ के लिए अहमदाबाद और चेन्नई को चुनना चौंकाने वाली बात नहीं है। पिछले साल चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस फाइनल में खेले थे, इसलिए उनके घरेलू मैदानों को चुना गया है। चैंपियन बनने वाले शहर चेन्नई को फाइनल की मेजबानी मिलेगी, जहां सीजन का पहला मैच भी खेला गया था। पहले 21 मैचों की तारीखें पहले ही बताई जा चुकी थीं। अब बाकी के मैच 8 अप्रैल, सोमवार से शुरू होंगे। दूसरे चरण की शुरुआत भी चेन्नई सुपर किंग्स के मैच से होगी। मौजूदा चैंपियन 8 अप्रैल को चेपॉक में कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेंगे। यह मैच रात को होगा।



**गुवाहाटी और धर्मशाला में भी मुकाबले**

इस साल आईपीएल को लेकर बीसीसीआई के लिए सबसे बड़ी चुनौती आम चुनाव थे। पूरे देश में सात चरणों में 19 अप्रैल से 1 जून के बीच चुनाव होने हैं और मतगणना 4 जून को होगी।

बीसीसीआई ने चुनाव वाले जगहों पर मैचों की तारीखों को चुनावों से अलग रखा है। साथ ही, घरेलू और बाहर के मैदानों का संतुलन भी बनाए रखा है। शेड्यूल के अनुसार, दो मैच धर्मशाला में होंगे, जो पंजाब किंग्स का दूसरा घरेलू मैदान माना जाता है। यह शहर 5 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ और 9 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पंजाब किंग्स के घरेलू मैच आयोजित करेगा।

गुवाहाटी में भी दो मैच होंगे, जो राजस्थान रॉयल्स का दूसरा पसंदीदा मैदान है। वे 15 मई को पंजाब किंग्स और 19 मई को कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलेंगे। गौरतलब है कि आरआर-केकेआर का मैच लीग चरण का आखिरी मैच है।

सीएसके और गुजरात टाइटंस, जो पिछले साल अहमदाबाद में फाइनल में खेले थे, इस सीजन में उसी मैदान पर 10 मई को भिड़ेंगे। मुंबई और चेन्नई के बीच वानखेड़े स्टेडियम में होने वाला बड़ा मुकाबला 14 अप्रैल को निर्धारित किया गया है। 20 मई को एक दिन के ब्रेक के बाद, प्लेऑफ 21 मई से शुरू होंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### बेगूसराय में 100 ...

रंग बरसाती हैं। इस दौरान हुड़दंग नहीं होता है। रंग डालने और होली गीत की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं।

गांव के लोगों ने बताया कि बचपन से वे यह होली देखते आ रहे हैं। यहां होली की सामूहिक परंपरा की शुरुआत एक मारवाड़ी परिवार ने 100 साल पहले की थी। वह परिवार राजस्थान से बड़ी-बड़ी मारवाड़ पिचकारी लेकर आया था, जिनसे उन्होंने कुओं पर सामूहिक होली की शुरुआत कराई थी। होली मनाने के लिए सात कुएं चिह्नित हैं। होली के दिन पूरे गांव के लोग पांच कुओं पर जमा होकर एक-दूसरे पर रंगों की बौछार करते हैं, जबकि होली के अगले दिन शेष दो कुओं पर पर्व मनाकर इसका समापन किया जाता है।

लोगों ने बताया कि प्रत्येक कुएं पर होली के दौरान रंगों के बौछार की रंग बरसाओ प्रतियोगिता होती है। गांव के युवा दो टीमों में बंटकर एक-दूसरे पर रंग डालते हैं। इस दौरान किसी टीम के पीछे हट जाने पर उस कुएं पर होली को समाप्त कर लोग आगे बढ़ जाते हैं।

### वायनाड में...

इस बीच एनी राजा ने कहा कि वाम दल विरोधी उम्मीदवारों के आधार पर उम्मीदवारी तय नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, हम चुनाव प्रचार में बहुत आगे हैं। हम समाज के सभी वर्गों तक पहुंच चुके हैं।

### उद्योगपति पल्लवी ...

एक फैशन और कपड़ा संग्रहालय है। पल्लवी ने 2012 से 2016 तक गोवा विश्वविद्यालय से संबद्ध अकादमिक परिषद के सदस्य के रूप में कार्य किया। विभिन्न अन्य संगठनों की सदस्य होने के अलावा, पल्लवी डेम्पो गोवा कैंसर सोसायटी की प्रबंध समिति का भी हिस्सा हैं और अखिल भारतीय प्रबंधन संघ की महिला परिषद एआईएमए एस्पायर की कोर समिति में भी कार्य करती हैं।

### कंगना पर विवादित...

जिसके बाद से सोशल मीडिया में तमाम प्रतिक्रियाएं सामने आई है। इस बीच, कांग्रेस नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के अकाउंट से कंगना राणावत को लेकर अभद्र पोस्ट किया गया। जिसके चलते भाजपा और कांग्रेस एक-दूसरे पर जमकर बयानबाजी कर रही है।

### सुप्रिया श्रीनेत की ...

कंगना ने सुप्रिया का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए एक्स पर लिखा, प्रिय सुप्रिया जी, एक कलाकार के रूप में मैंने अपने करियर के पिछले 20 वर्षों में हर तरह की महिलाओं का किरदार निभाया है। क्वीन में एक भोली-भाली लड़की से लेकर धाकड़ में जासूस तक, मणिकर्णिका में एक देवी से लेकर चंद्रमुखी में राक्षस तक। रज्जो में एक प्रॉस्टिट्यूट से लेकर थलाइवी में एक क्रांतिकारी नेत्री तक। हमें अपनी बेटियों को पूर्वाग्रहों के बंधनों से मुक्त करना चाहिए।

हमें उनके शरीर के अंगों के बारे में जिज्ञासा रखने से ऊपर उठना चाहिए। साथ ही, हमें यौनकर्मियों के चुनौतीपूर्ण जीवन या परिस्थितियों को लेकर इस प्रकार के अपशब्दों के इस्तेमाल से बचना चाहिए। हर महिला अपनी गरिमा की हकदार है।

कांग्रेस नेता और राष्ट्रीप प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत से जुड़े एक पोस्ट को लेकर जमकर बवाल मचा हुआ है। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि भाजपा का मंडी से लोकसभा टिकट पाने वाली अभिनेत्री कंगना राणावत पर सुप्रिया श्रीनेत ने विवादित टिप्पणी और पोस्टरबाजी की है। हालांकि कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत का दावा है कि उनके नाम से सोशल मीडिया में कई पैरोडी अकाउंट हैं, जिससे ऐसी घिनौनी हरकत की गई है।

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि जो लोग मेरे बेहद करीब रहे हैं या मेरे साथ काम किया है, उन्हें पता है कि मैं किसी भी महिला के लिए ऐसा विवादित बयान नहीं दे सकती हूं।

उन्होंने पोस्ट में दावा किया है मेरे नाम से कई पैरोडी अकाउंट बनाए गए हैं। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि मुझे अभी पता चला कि सोशल मीडिया पोस्ट पर मेरे नाम के कई पैरोडी अकाउंट चल रहे हैं, जिनका दुरुपयोग फर्जी पोस्ट करने के लिए किया जा रहा है।

गौरतलब है कि भाजपा ने बीते रविवार को लोकसभा चुनाव के अपने उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी की थी।

जिसमें हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट से अभिनेत्री कंगना राणावत को भाजपा ने चुनावी मैदान में आता है। जिसके बाद से सोशल मीडिया में तमाम प्रतिक्रियाएं सामने आई है। इस बीच, कांग्रेस नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के अकाउंट से कंगना राणावत को लेकर अभद्र पोस्ट किया गया। जिसके चलते भाजपा और कांग्रेस एक-दूसरे पर जमकर बयानबाजी कर रही है।

### धार भोजशाला...

एएसआई की तीन टीम और अंदर एक टीम समेत कुल चार टीम सर्वे का काम कर रही हैं। पिछले हिस्से में दीवारों के सहारे हल्की खुदाई की जा रही है। वहीं, अंदर स्तंभों को केमिकल से साफ करके कार्बन डेटिंग की जा रही है और सभी तथ्यों की बारीकी से जांच की जा रही है।

धार जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने भोजशाला में सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही पुलिस विभाग द्वारा कल भोजशाला क्षेत्र के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। उसमें भोजशाला के ऊपर या आसपास ड्रोन कैमरे उड़ाने, फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करने पर प्रतिबंधित लगाया गया है। साथ ही भोजशाला परिसर में अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश भी वर्जित किया है। वहीं, सोशल मीडिया पर भ्रामक और असत्य खबरें न भेजने, अफवाह न फैलाने की अपील भी की गई है।

वहीं, मुस्लिम पक्षकार और कमाल मौलाना वेलफेयर सोसाइटी धार के अध्यक्ष अब्दुल समद खान ने सर्वे को लेकर आज फिर से आरोप लगाया कि सर्वे टीम में एक ही कम्युनिटी के लोग हैं। जबकि इंदौर हाईकोर्ट का आदेश है कि सर्वे टीम में दोनों कम्युनिटी के लोग होने चाहिए, परंतु सर्वे टीम में एक ही कम्युनिटी के लोग हैं।

# मोहम्मद आमिर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए संन्यास से लौटे

## -2020 में रिटायरमेंट लिया था, दो दिन पहले इमाद वसीम ने भी वापसी की

**इस्लामाबाद, 25 मार्च (एजेंसियां)।** पाकिस्तान के लेफ्ट आर्म मीडियम पेसर मोहम्मद आमिर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए संन्यास से वापस आ गए हैं। आमिर ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में 1 जून से शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए खुद को उपलब्ध बताया है। आमिर ने एक ट्वीट करते हुए खुद को पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए उपलब्ध बताया है। आमिर ने टेस्ट क्रिकेट से 2019 और दिसंबर 2020 में व्हाइट बॉल क्रिकेट से भी रिटायरमेंट की घो-षणा कर दी थी।

दूसरी तरफ पाकिस्तान के स्पिन-ऑलराउंडर इमाद वसीम भी दो दिन पहले यानी 23 मार्च को संन्यास से वापस लौट आए हैं। 35 साल के इस खिलाड़ी ने नवंबर 2023 में यह कहते हुए संन्यास ले लिया कि अब समय आ गया है कि वह विदेशी लीगों में खेलने पर फोकस किया जाए।



आमिर ने पाकिस्तान के लिए 50 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 59 विकेट लिए हैं। जबकि उनका बेस्ट 13 रन देकर 4 विकेट रहा था। इसके अलावा उन्होंने 36 टेस्ट मैचों में 119 विकेट लिए जबकि 61 वनडे मैचों में उन्होंने 81 विकेट हासिल किए।

इमाद वसीम ने पाकिस्तान के लिए 55 वनडे और 66 टी-20 मैच खेले हैं। इस लेफ्ट आर्म स्पिनर से वनडे में 44 और टी-20 में 65 विकेट लिए हैं। वनडे में 986 और टी-20 में 486 रन इनके नाम हैं।

आईसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल तीन महीने पहले घोषित कर दिया था। टूर्नामेंट 1 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका के 9 शहरों में खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं, दोनों के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। वहीं फाइनल मैच 29 जून को वेस्टइंडीज के बारबाडोस शहर में होगा।

टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार 20 टीमें शामिल की गई हैं, इससे पहले हुए 2 संस्करण में 16-16 टीमें थीं। इंग्लैंड डिफेंडिंग चैंपियन है, जबकि भारत ने 2007 में पहले ही टूर्नामेंट का खिताब जीता था।

2021 और 2022 के टी-20 वर्ल्ड कप में 16-16 टीमों ने हिस्सा लिया था। जिनके बीच 45-45 मैच खेले गए थे। तब 16 में से 8 टीमों को सीधे सुपर-12 स्टेज के लिए एंट्री मिली थी। वहीं 4 टीमों ने क्वालिफाइंग राउंड के जरिए सुपर-12 में जगह बनाई थी।

# रंग बरसे भीगे चुनर वाली... आईपील पर भी चढ़ा होली का रंग

**नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसियां)।** होली का त्योहार हिंदू धर्म में बड़ी धूम धाम के साथ मनाया जाता है। सब इस खास अवसर पर एक दूसरे को रंग लगाते हैं और खुशियां बनाते हैं। वहीं अब आईपीएल पर भी होली का रंग चढ़ गया है।बहुत कम बर ऐसा देखने को मिला है जब आईपीएल चल रहा हो और रंगों का त्योहार होली भारत में धूम धाम से मनाई जा रही हो। जब-जब आईपीएल और होली का मिलन हुआ है, खिलाड़ियों ने इसका जमकर लुत्फ उठाया है। इस बार भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला है। होली का त्योहार तकरीबन सभी फ्रेंचाइजियों ने धूम धाम से मनाया है, जिसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं। आइये इन तस्वीरों पर एक नजर डालते हैं।चेन्नई सुपर किंग्स के बॉलिंग कोच ड्वेन ब्रावो ने भी चेन्नई में होली पर एक इवेंट में हिस्सा लिया। उनकी भी होली पर मस्ती करते हुए एक वीडियो सामने आई है।कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मेंटर गौतम गंभीर भी होली का मजा लेते हुए नजर आए। केकेआर ने अपने सोशल मीडिया पर दोनों की तस्वीर भी शेयर की है।मुंबई इंडियंस ने अपने सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा की एक वीडियो शेयर की है। उस वीडियो में रोहित पूरी तरह से रंग में लथपथ हैं। रोहित हाथ में पानी की पाइप लिए खड़े हैं, जिससे वह पानी फेक रहे हैं।दिल्ली कैपिटल्स का अगला मैच 28 मार्च को राजस्थान रॉयल्स से है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, मंगलवार, 26 मार्च, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# अग्रवाल समाज श्री अग्रसेन मार्ग शाखा का होलिका दहन संपन्न

**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज श्री अग्रसेन मार्ग शाखा का होलिका दहन कार्यक्रम बंजारा हिल्स स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के बाहर प्रांगण में संपन्न हुआ। शाखा के प्रचार व प्रसार संयोजक मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 9 बजे डंडा रोपण तथा पूजा का कार्यक्रम हुआ जिसमे कार्यक्रम के संयोजक सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, मानद मंत्री सुभाष कुमार अग्रवाल दिल्लीवाले, केंद्रीय समिति सदस्य सुरेश कुमार अग्रवाल दिल्लीवाले तथा शंकर लाल अग्रवाल उपस्थित थे। रात्रि में 11-30 बजे होलिका दहन कार्यक्रम हुआ जिसमे क़रीब 500



अग्रबन्धु उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात् अल्पाहार में इडली, उपमा, ठंडाई, शुद्ध पेय जल आदि का प्रबंध था।

होलिका दहन कार्यक्रम में संयोजक सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, मानद मंत्री सुभाष कुमार अग्रवाल दिल्लीवाले, सह मंत्री कैलाश चंद अग्रवाल, अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति सदस्य मुकुंद लाल अग्रवाल, सुरेश कुमार अग्रवाल दिल्ली वाले, परामर्श दाता राजेंद्र कुमार अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष महेश कुमार डाकोतिया, कार्यकारिणी सदस्य गण विजय कुमार अग्रवाल दिल्लीवाले (रामू भाई), अजय कुमार दोचानिया, गिरीश कुमार सोन्थलिया, रवींद्र कुमार अग्रवाल, महिला समिति की संयोजक माया अग्रवाल, युवा समिति के संयोजक मुकेश कुमार दिल्लीवाले, सतीश चंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य बिशम्भर लाल केडिया, कमल अग्रवाल, चंद्रकांत अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल दिल्लीवाले, बजरंग प्रसाद गुप्ता, सुनील गुप्ता, माणिक चंद गुप्ता, अशोक चंद अग्रवाल, गोपाल चंद अग्रवाल, प्रकाश चंद अग्रवाल, विनोद कुमार डाकोतिया, महेंद्र प्रसाद डाकोतिया, राधेश्याम मंडोतिया, उदय कुमार मोर, भरत कुमार सोन्थलीया, मधुसुदन सोन्थलिया, बद्रीनारायण सोन्थलिया, राकेश कुमार सिंघल, विजय कुमार दोचानिया, संदीप कुमार दोचानिया एवं बहुत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# मारवाड़ी युवा मंच शमशाबाद शाखा ने धूमधाम से मनाया होली महोत्सव



**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मारवाड़ी युवा मंच शाखा शमशाबाद के अध्यक्ष भाकरराम कुमावत ने बताया कि रविवार को लहरी फंक्शन हॉल के पास शमशाबाद में होली का आयोजन रखा गया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और युवा चांग की थाप पर जूम उठे।

पूजा-आरती के पश्चात होलिका दहन किया गया। दूसरे दिन सोमवार को युवा मंच के साथियों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## तेलंगाना का तापमान अगले पांच दिनों में बढ़ने के आसार

**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना में अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को बताया कि राज्य में अगले सात दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटों के दौरान, राज्य में एक या दो स्थानों पर बारिश हुई।



डीवी कॉलोनी में होली दहन और घनश्याम लाल बंग के निवास पर आयोजित होली भजन कार्यक्रम में उपस्थित डीवी कॉलोनी, कृष्णानगर कॉलोनी, झावर नगर कॉलोनी के निवासियों ने भाग लिया।



बिहार सहयोग समिति तेलंगाना के अध्यक्ष बिनय कुमार यादव के निवास पर होली मनाते हुए नॉर्थ पीपुल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राज नारायण सिंह एवं साईं, समिति के उपाध्यक्ष मनोज यादव, महासचिव सागर भगत, पदाधिकारी जय प्रकाश भगत, अजय कुमार सिंह, गोपाल भगत, अनिल ठाकुर,पप्पू सिंह, विकास यादव, मंजीत यादव आदि सभी लोगों ने मिलकर एक दुसरे को रंग लगाकर होली का आंनद उठाया।



मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी सोमवार को हैदराबाद में अपने आवास पर अपने पोते के साथ होली मनाते हुए।



बजरंग सेना राज्य कार्यालय काचीगुड़ा में प्रदेश अध्यक्ष एनआर लक्ष्मण राव, सूर्या शुक्ला, येराम श्रीनिवास, मनोज, अभियान, राजा राम, शेखर, प्राची, नरेश और अन्य के साथ होली उत्सव मानते हुए।



सिग्नेचर अपार्टमेंट्स हिमायतनगर में रंगो का त्योहार होली बड़े ही हर्षोल्लास से सभी निवासियों ने हर्बल रंगो से मनाई। निवासियों में बुजुर्ग, बच्चे एवं महिलाएं भी सम्मिलित थीं। सभी ने एक दूसरे को शालीनता से रंग लगाते हुए मिठाई खिलाई। उत्सव में मुख्य रूप से अशोक बंसल, देवेंद्र संघी, पुनीत बंसल, रजनी बंसल, अंकित बंसल, शालिनी बियानी, निकिता, विनीता जैन, परिधि, पहल, नीव, रूतांशी ,पार्थ , विराट ने हिस्सा लिया।



हैदराबाद के बाग अंबर में अयप्पा स्वामी मंदिर में केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी श्री अयप्पा स्वामी के जन्मदिन समारोह में हिस्सा लेते हुए।



केशव प्रसाद ओम प्रकाश तायल भवन घांसी बाज़ार में भाजपा नेता टी उमा महेंद्र, के सुरेंद्र, नरेंद्र, कुणाल राव, जीतू, वीरू आदि सभी साथियों के साथ किरन तायल परिवार संग होली पर्व का आनंद उठाते हुए।



ओयू कैंपस में उस्मानिया यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी जमकर होली खेलते हुए।



बेगम बाजार में होली का त्योहार मनाते हुए स्थानीय पुरुष एवं महिलाएं।



मुसारामबाग स्थित शालिवाहनानगर में श्री राम मित्र मंडल द्वारा आयोजित होली दहन बड़े धूमधाम से किया गया। जिसमें क़रीब 2000-2500 भक्तों ने भाग लिया। अवसर पर पंकज कुमार संघी, सीए हरि गोविंद अग्रवाल, राजेश, विनोद गुप्ता, शरद मरदा, राजेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, गोपाल प्रसाद, संजय संघी, प्रदीप अग्रवाल, प्रकाश तुलस्यान, केशव तुलस्यान, नियति संघी, डिंपल संघी, महेश सिंघानिया आदि उपस्थित थे।



होली पर्व के पावन अवसर पर होली का पूजन कर भक्त प्रहलाद के जयकारे के साथ होलिका दहन करते हुए अशोक फाउंडेशन के संस्थापक पंकज कुमार अग्रवाल।



सिकंदराबाद स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में माहेश्वरी परिवार होली के भजनों के साथ होली खेल कर आनंद लेते हुए।



होली के रंग मे रंगे मासिक श्याम निशान समिति के दिनेश गुप्ता, नितेश अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, गगन अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, अमित अग्रवाल व अन्य।




यादव गली, चार महल में होली के रंगों से सराबोर क्षेत्रीय निवासी।

# बीआरएस ने रेवंत सरकार से की किसानों को तत्काल 25,000 रुपए की राहत देने की मांग

## अगर सरकार विफल रही तो पार्टी करेगी सचिवालय का घेराव



**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत राष्ट्र समिति ने सोमवार को राज्य सरकार से मौजूदा यासंगी (रबी) सीजन के दौरान फसल के नुकसान से बेहाल किसानों को 25,000 रुपये प्रति एकड़ की तत्काल राहत देने की मांग की। पार्टी ने घोषणा की कि अगर सरकार तत्काल यह कदम उठाने में विफल रही तो वह चलो सचिवालय विरोध प्रदर्शन करेगी और लाखों किसानों के साथ सचिवालय का घेराव करेगी। पार्टी ने यह भी मांग की कि सरकार बैंकों को किसानों को फसल ऋण चुकाने के लिए परेशान न करने का निर्देश दे।फसल के नुकसान की सीमा का आकलन करने के लिए बीआरएस अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव ने पार्टी नेताओं को मंगलवार से अगले तीन दिनों में राज्य भर में क्षेत्रीय दौरे करने का निर्देश दिया। तेलंगाना भवन में पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने कहा कि उन्होंने हाल ही में मेदक और वारंगल के पूर्ववर्ती जिलों में क्षतिग्रस्त खेतों का दौरा किया था, वहां के किसान दयनीय परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को फसल के नुकसान के लिए प्रति एकड़ 25,000 रुपये की राहत प्रदान करके किसानों की सुरक्षा के लिए तुरंत उपाय शुरू करने चाहिए। धान की सुचारू खरीद के लिए खरीद केंद्र खोले जाएं और विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वादे के अनुसार प्रति क्विंटल 500 रुपये बोनस देने का प्रावधान किया जाए। हरीश राव ने कांग्रेस सरकार के 100 दिनों के शासनकाल के दौरान 180 से अधिक किसानों की आत्महत्या का हवाला देते हुए स्थिति की तात्कालिकता को रेखांकित किया। उन्होंने बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसल के नुकसान का आकलन करने में सरकार की निष्क्रियता की आलोचना की। उन्होंने दो लाख रुपये तक की फसल ऋण माफी को तत्काल लागू करने की मांग की। उन्होंने आश्वासन दिया कि बीआरएस इस संबंध में चुनाव आयोग से शिकायत नहीं करेगी। उन्होंने किसानों से अपने ऋण का भुगतान न करने और राज्य में बाजार यार्डों में अपना धान बेचते समय न्यूनतम समर्थन मूल्य से 500 रुपये अधिक बोनस की मांग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर किसानों को किसी भी चुनौती का सामना करना पड़े तो वे बीआरएस से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपनी छह गारंटी के तहत किसानों से चार वादे किये थे, लेकिन आज तक उन पर अमल नहीं किया। उन्होंने कहा, किसानों के समर्थन पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय रेवंत रेड्डी सरकार ने विपक्षी दलों पर राजनीति और कीचड़ उछालने को प्राथमिकता दी। प्रेस कांफ्रेंस में विधायक पल्ला राजेश्वर रेड्डी, एमएलसी देशपति श्रीनिवास और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी मीडिया कर्मियों से बात की।

# चुनावी तैयारियों में सुस्ती को लेकर पार्टी आलाकमान ने तेलंगाना भाजपा को लगाई फटकार



**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव में तैयारियों की कमी को लेकर भाजपा राज्य नेतृत्व को पार्टी आलाकमान की फटकार का सामना करना पड़ा। पार्टी आलाकमान ने राज्य नेतृत्व को इस बात पर फटकार लगाई है कि राज्य में अब तक 50 फीसदी भी बूथ कमेटियों का गठन नहीं हो सका है।

पार्टी नेतृत्व ने राज्य के नेताओं द्वारा सभी 23 दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने और बूथ समितियों के गठन में खुद को केवल 12 तक ही सीमित रखने पर भी नाखुशी व्यक्त की।

इसमें पाया गया कि राज्य के नेता अपनी मनमर्जी के अनुसार काम कर रहे हैं और पार्टी के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। भाजपा महासचिव सुनील बंसल ने रविवार को राज्य मुख्यालय में संसदीय उम्मीदवारों की बैठक के दौरान राज्य नेतृत्व द्वारा राज्य में बूथ समितियों के गठन का काम पूरा नहीं करने पर गुस्सा व्यक्त किया। उन्होंने उनसे कार्य जल्द से जल्द पूरा करने को कहा।

बताते चलें कि विधानसभा चुनाव के दौरान भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ समितियां गठित नहीं करने को लेकर राज्य नेतृत्व की खिंचाई की थी।

सूत्रों का कहना है कि पार्टी विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी क्योंकि वह सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ समितियां नहीं बना सकी। पार्टी को डर है कि अगर वह महीने के अंत तक बूथ समितियां बनाने में विफल रही तो इसका लोकसभा चुनाव में पार्टी की संभावनाओं पर असर पड़ेगा।

# नारायणपेट में पानी की टंकी ढहने से 12 वर्षीय बच्ची की मौत, दो घायल



**नारायणपेट, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

रविवार को जिले के गोपाल-पेट स्ट्रीट पर एक पीने के पानी की टंकी गिरने से 12 वर्षीय बच्ची लक्ष्मी प्रणिता की मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चे घायल हो गए।

स्थानीय लोगों के मुताबिक तीनों बच्चे सीमेंट की पानी टंकी के पास खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक पानी की टंकी टूट गई और मलबा बच्चों के ऊपर गिर गया, जिससे बच्चे घायल हो गए।

स्थानीय निवासियों ने तुरंत लक्ष्मी प्रणिता और दो अन्य बच्चों श्री प्रणिता और हरिप्रिया को अस्पताल पहुंचाया। रिपोर्ट के मुताबिक इस घटना में लक्ष्मी प्रणिता की मौत हो गई, श्री प्रणिता का हाथ टूट गया और हरिप्रिया का पैर टूट गया।

# राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन एवं लोहिया विचार मंच की बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

फतेह मैदान क्लब में डॉ. राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन नई दिल्ली और लोहिया विचार मंच तेलंगाना के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस मीटिंग का उद्देश्य डॉ. राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन द्वारा हैदराबाद में आगामी 6 एवं 7 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले पंचम राष्ट्रीय विचार मंथन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करना था। बैठक की अध्यक्षता लोहिया विचार मंच हैदराबाद के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश ठाकुर गोपाल सिंह ने की तथा डॉ. राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक रंजन सिंह ने हैदराबाद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा के विषय में विस्तार से चर्चा की। बैठक में लोहिया विचार मंच के संयोजक एडवोकेट दामोदर रेड्डी, सोशलिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव वाई. एस अमीन, समाजवादी नेत्री सुभद्रा रेड्डी, उस्मानिया यूनिवर्सिटी के पूर्व उप-कुलसचिव जी. सत्यनारायण, कर्पूरी ठाकुर फाउंडेशन के अध्यक्ष सूर्यनारायण, वरिष्ठ पत्रकार पासम यादगिरी, बालकृष्ण राव, राणा प्रताप, रमेश नायडू और आर. सुरेंद्र आदि मौजूद थे, जिन्होंने अपने महत्वपूर्ण विचार प्रकट किए।

उल्लेखनीय है कि आगामी 6 और 7 दिसंबर 2024 को होने वाले पंचम राष्ट्रीय विचार मंथन का केंद्रीय विषय डॉ. राममनोहर लोहिया, श्री बदरीविशाल पित्ती, वैचारिक समाजवाद की उर्वर भूमि हैदराबाद, यहां से प्रकाशित होने वाले समाजवादी साहित्य और डॉ. लोहिया द्वारा स्थापित सोशलिस्ट पार्टी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। ताकि देश की नई पीढ़ी यह जान सके कि हैदराबाद क्यों वैचारिक समाजवाद की पुण्यभूमि रही है। डॉ. राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन द्वारा अब तक कलकत्ता, गोवा, गुवाहाटी और राँची में सफ़ल राष्ट्रीय विचार मंथन का आयोजन किया जा चुका है। इस साल दिसंबर में पंचम राष्ट्रीय विचार मंथन हैदराबाद में आयोजित होगा।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत



**मुलुगु, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सोमवार को जिले के वेंकटपुर मंडल के पालमपेट-लक्ष्मीपुरम में एक मोटरसाइकिल सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई, जिससे दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान थिम्मापुर के उमेश (22) और वारंगल जिले के लक्ष्मीदेवीपेट के एम श्रीसंत (22) के रूप में हुई। खबरों के मुताबिक दोनों तेज गति से बाइक चला रहे थे और जब वे लक्ष्मीपुरम पहुंचे तो बाइक नियंत्रण से बाहर हो गई और सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

# ट्रेन में 3 लाख मूल्य के चांदी आभूषणों के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रविवार रात सिकंदराबाद रेलवे डिवीजन के अंतर्गत मिर्यालागुडा में एक ट्रेन में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया, जिसके पास कथित तौर पर 3 लाख रुपये मूल्य के लगभग 5.1 किग्रा चांदी के आभूषण थे। आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर और गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ अधिकारियों ने राजकीय रेलवे पुलिस के साथ मिलकर सिकंदराबाद जाने वाली ट्रेन में तलाशी ली। चूंकि आभूषण मालिक आभूषणों के विषय में न तो कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर सके और न ही गहनों के बारे में कोई ठोस जवाब दे पाए। जब्त सामग्री के साथ व्यक्ति को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए आयकर विभाग को सौंप दिया गया।

# संजीवा पार्क में मॉर्निंग ग्रुप सदस्यों ने मनाई होली



**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

संजीवा पार्क सिकंदराबाद मॉर्निंग ग्रुप द्वारा पार्क में सोमवार को होली के अवसर पर सभी ने एक दूसरे को गुलाल व चंदन का तिलक लगाकर होली का आनंद लिया। सभी ने आपस में गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। मॉर्निंग ग्रुप के मंत्री पीडी जाखोटिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रंगपर्व सभी ने मिठाई, नमकीन एवं ठंडाई का आनंद लिया। ग्रुप के अध्यक्ष वरिष्ठ राम सिंह ने ग्रुप के सभी सदस्यों को होली की शुभकामना दी। इस अवसर पर ग्रुप के उपाध्यक्ष मुकेश कटारिया, राजू भैया, ग्रुप के सह मंत्री निरंजन गोयल, अरविंद कामदार, प्रदीप जैन सीए, अशोक चौहान, प्रवीण पोरवाल, राज कुमार, उछाव राज, मुकुंद देवड़ा, निरंजन गोयल, विनोद जैन, जय कुमार, प्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# हिंदू उत्सव समिति 31 से शुरू करेगी छांछ वितरण सेवा

**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हिंदू उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गर्मियों में राहगीरों के छांछ सेवा का शुभारंभ आगामी रविवार 31 मार्च को दोपहर 12.00 से 2.30 बजे तक होगा। ठंडी मसाला छांछ का वितरण 2 जून तक प्रत्येक रविवार को हाई कोर्ट पोस्ट ऑफिस के सामने चलेगा। इसके साथ ही 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर भाग्यलक्ष्मी माता की शोभा यात्रा एवं 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर चम्पा दरवाज़ा हाई कोर्ट के पास रथ यात्रा में शामिल सभी धर्म प्रेमियों का भी घांसी बाज़ार चौराहे पर स्वागत किया जाएगा एवं ठंडी छांछ के साथ उनकी सेवा सभी साथियों के साथ की जाएगी।

# *धूमधाम से मनाई गई होली*

**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हर साल कि भांति इस वर्ष भी होली का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कृष्णा ग्रैंडियर, कुतबी गुड़ा, चप्पल बाज़ार में रहने वाले लोगों, पड़ोसियों और मित्रों के साथ मिलकर बड़े ही हर्ष और उल्लास से होली खेली गई।



इस अवसर पर प्रदीप जाजू, ओमप्रकाश मोदानी, जगदीश काकाणी, सीए श्याम मोदानी, सुमित राठी, सुरेश लाहोटी, नंदकिशोर लाहोटी, सौरभ जाजू, भीकम तापड़िया, राज तापड़िया, नेहा तापड़िया, पूनम मोदाणी, प्रेमलता मोदाणी, विशा, डॉ. माधुरी, डॉ. मंजुला निधि, सौरव मल्होत्रा, सीए अभय महेश्वरी, गिरीश जाजू, अर्चना जाजू, ओमप्रकाश मूंदड़ा, वसुंधरा मूंदड़ा, राजन सक्सेना, कार्तिक, अमित राठी, जुगल जाजू आदि मौजूद रहे। सभी को रतनलाल जाजू और शांतिदेवी जाजू ने आशीर्वाद और हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान कीं।

# पहली बार केसीआर परिवार ने लोकसभा चुनाव से बनाई दूरी

**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

23 साल पहले बनी टीआरएस (अब बीआरएस) के बाद पहली बार पार्टी के संस्थापक के.चंद्रशेखर राव का परिवार लोकसभा चुनाव से दूर रह रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री या उनके परिवार के सदस्य ने 2004 के बाद से हर संसद और विधानसभा चुनाव लड़ा। ऐसी अटकलें थीं कि बीआरएस प्रमुख केसीआर या उनके बेटे केटी रामा राव अथवा भतीजा टी. हरीश राव इस बार लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि तीनों विधायकों में से कोई भी मैदान में नहीं उतरा।

केसीआर की बेटी के. कविता, जो निज़ामाबाद लोकसभा क्षेत्र से 2019 का चुनाव हार गई थीं, वह भी इस बार चुनाव नहीं लड़ रही हैं। एमएलसी कविता को हाल ही में कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किया गया था। केसीआर ने 2001 में तेलंगाना आंदोलन को पुनर्जीवित करने के लिए तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) से इस्तीफा देकर तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) बनाई थी,



2004 में करीमनगर से लोकसभा के लिए चुने गए और कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में मंत्री बने। उन्होंने 2006 और 2008 में हुए उपचुनावों में यह सीट बरकरार रखी थी।

2009 में केसीआर महबूबनगर से लोकसभा के लिए चुने गए। इसी कार्यकाल के दौरान वह तेलंगाना राज्य के लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहे।

2014 में तेलंगाना में टीआरएस की पहली सरकार बनने के बाद केसीआर मुख्यमंत्री बने। उनके बेटे और भतीजे, जो एक बार फिर विधानसभा के लिए चुने गए, उनके मंत्रिमंडल में मंत्री बने। एक साथ हुए संसदीय चुनावों में केसीआर की बेटी कविता निज़ामाबाद से लोकसभा के लिए चुनी गईं। जबकि टीआरएस ने 2018 में सत्ता बरकरार रखी, कविता 2019 के चुनावों में भाजपा के धरमपुरी अरविंद से निज़ामाबाद लोकसभा सीट हार गईं। बाद में वह विधान परिषद के लिए चुनी गईं। हाल के विधानसभा चुनावों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवानी पड़ी।

सोमवार को हैदराबाद लोकसभा सीट से गद्दम श्रीनिवास यादव की उम्मीदवारी की घोषणा के साथ ही बीआरएस ने 13 मई को होने वाले सभी 17 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने दावा किया है कि उसने तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन में सामाजिक संतुलन बनाए रखा है। मुख्य विपक्षी दल ने कहा कि केसीआर ने उम्मीदवारों के चयन में सामाजिक संतुलन बनाए रखा और इस तरह सभी वर्गों का विश्वास हासिल किया।

उम्मीदवारों की सूची पर नजर डालने से पता चलता है कि बीआरएस ने पिछड़ी जाति के छह, अनुसूचित जाति के तीन, अनुसूचित जनजाति के दो और अन्य जातियों के छह नेताओं को टिकट दिया है। बीआरएस ने 2019 में नौ सीटें हासिल की थीं, ने तीन मौजूदा सांसदों - नामा नागेश्वर राव (खम्मम), मलोथ कविता (महबूबाबाद) और मन्ने श्रीनिवास रेड्डी (महबूबनगर) को बरकरार रखा। पांच मौजूदा सांसद दलबदल कर कांग्रेस या भाजपा में चले गए, जबकि एक मौजूदा सांसद हाल के चुनावों में विधानसभा के लिए चुना गया।

बीआरएस ने दावा किया कि उम्मीदवारों की घोषणा से आत्मविश्वास पैदा हुआ। पार्टी का यह भी मानना है कि हालिया विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद राज्य भर में लोग केसीआर के शासन को याद कर रहे हैं और यह भावना मजबूत हो रही है। पार्टी ने दवा किया कि वह संसदीय चुनावों में अपनी जीत दर्ज करने के लिए तैयार है।

पार्टी ने उल्लेख किया कि कुछ उम्मीदवारों ने पहले ही निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा करना और लोगों तक पहुंचना शुरू कर दिया है। इसमें दावा किया गया कि उन्हें लोगों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। पार्टी के प्रमुख नेता और जन प्रतिनिधि लोगों का समर्थन हासिल करने के लिए सभी निर्वाचन क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाने की तैयारी कर रहे हैं। चुनाव अभियान को तेज करने के लिए बीआरएस प्रमुख केसीआर खुद जल्द ही निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा शुरू करेंगे।

# मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी करने पर तमिलनाडु मंत्री के खिलाफ मामला दर्ज

**चेन्नई, 25 मार्च (एजेंसियां)।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक नेता और राज्य पशुपालन एवं मत्स्यपालन मंत्री अनिता आर.राधाकृष्णन के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए मामला दर्ज किया गया है।



पुलिस सूत्रों ने कहा कि दो दिन पहले जिले में इंडिया समूह की एक बैठक के दौरान श्री मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए थूथुकुडी जिले के भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष आर. चित्रांगंथन की शिकायत पर पुलिस ने मंत्री राधाकृष्णन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मंत्री के खिलाफ आईपीसी की धारा 294 (बी) (किसी भी सार्वजनिक स्थान पर या उसके आसपास कोई अश्लील गाना, गीत या शब्द सुनाना या बोलना) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। भाजपा ने इस मामले पर श्री राधाकृष्णन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए चुनाव आयोग और राज्य पुलिस महानिदेशक के पास शिकायत भी दर्ज की है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्यब्रत साहू को दी गई शिकायत में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कारू नागराजन ने कहा कि श्री राधाकृष्णन ने ऐसी भाषा का उपयोग किया जिसे सार्वजनिक रूप से अक्षम्य माना जाता है। भाजपा नेता ने कहा कि यह आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निर्धारित नियमों का गंभीर उल्लंघन है और उन्होंने आयोग को राधाकृष्णन के भाषण का एक वीडियो सौंपा। मंत्री की टिप्पणी की निंदा करते हुए, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि द्रमुक नेता हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और अक्षम्य सार्वजनिक बयानबाजी करके अपने व्यवहार को भद्दा तथा निम्न स्तर तक पहुंचाया है।

उन्होंने कहा कि जब उनके पास आलोचना करने के लिए कुछ नहीं है, तो द्रमुक नेता इस स्तर पर गिर गए हैं द्रमुक सांसद कनिमोझी भी मंच पर उपस्थित थीं लेकिन उन्होंने अपने सहयोगी को रोकने की कोशिश नहीं की। श्री अन्नामलाई ने कहा कि तमिलनाडु भाजपा सोमवार को चुनाव आयोग और राज्य के डीजीपी के समक्ष इस मामले को उठा रहा है तथा द्रमुक मंत्री राधाकृष्णन के खिलाफ सख्त एवं तत्काल कार्रवाई करने की मांग कर रहा है।

## कवि व हिंदी सेवी डॉ. लक्ष्मण ठाकुर नहीं रहे

**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत के मूल निवासी डॉ. लक्ष्मण ठाकुर का अमेरिका में आकस्मिक निधन हो गया है। वे कनेक्टिकट विश्वविद्यालय में 40 वर्षों से अंग्रेज़ी के प्रोफ़ेसर थे। लेकिन उनका हिंदी भाषा और कविता से बहुत प्रेम था। यह जानकारी देते हुए कवि गोविंद अक्षय ने बताया कि हिंदी सेवी डॉ. लक्ष्मण ठाकुर नगरद्वय के कवियों की संस्था गीत चांदनी के संरक्षक सदस्य थे। उन्होंने भारत में श्रीमती कलावती वीरेंद्र कुमार हिंदी कविता ट्रस्ट हैदराबाद की स्थापना की थी और वे ट्रस्ट के संस्थापक न्यासी थे। उन्होंने ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी कीर्तिशेष नेहपाल सिंह वर्मा के साथ मिलकर इस



ट्रस्ट के माध्यम से हिंदी के अनेक मूर्धन्य विद्वान साहित्यकारों द्वारा व्याख्यानों का आयोजन सफलतापूर्वक हैदराबाद में किया था। इसके अतिरिक्त डॉ. लक्ष्मण ठाकुर एक अच्छे कवि भी थे। उन्होंने हिंदी कवियों और कविता को प्रोत्साहित करने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे हैदराबाद से प्रकाशित होने वाली कविता प्रधान साहित्यिक मासिक पत्रिका गोलकोण्डा दर्पण के परामर्शदाता, संरक्षक सदस्य और अमेरिका के प्रतिनिधि थे। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए हैदराबाद की साहित्यिक संस्थाएं हिंदी लेखक संघ, गीत चांदनी, सीता युद्धवीर पुस्तकालय और शोध संस्थान, कबीर डेरा, गोलकोण्डा दर्पण विचार मंच, बच्चन अकादमी आदि के सदस्यों ने ईश्वर से प्रार्थना की है। श्रीमती कलावती वीरेंद्र कुमार हिंदी कविता ट्रस्ट हैदराबाद की न्यासी उर्मिला वर्मा, न्यासी राजेश सिंह वर्मा और प्रबंध न्यासी कवि गोविंद अक्षय ने बताया कि ट्रस्ट का हिंदी पुरस्कार भविष्य में भी देश के हिंदी कवियों को प्रदान किया जाता रहेगा।



हैदराबाद सिखवाल ब्राह्मण समाज 14 खेड़ा, 7 खेड़ा, कोलर, बाघाना, होली की गेर श्रीराम दरबार पंचायती बाड़ा फीलखाना से निकली। इस अवसर पर पवन उपाध्याय, रामदेव नागला, रमेश उपाध्याय चौधरी, कमल पाण्डे, जगदीश ओझा छडीदार, चन्द्रभान व्यास, सूर्यप्रकाश नागला, पुरूषोत्तम व्यास, मांगीलाल तुकार, सत्यनारायण व्यास, बद्रीलाल नागला, नन्दकिशोर उपाध्याय, रतनलाल उपाध्याय सहित भारी संख्या में समाज बंधु उपस्थिति रहे।

## जनार्दन रेड्डी बिना किसी शर्त के भाजपा में लौटे

**बेंगलुरु, 25 मार्च (एजेंसियां)।** कर्नाटक के प्रमुख खनन कारोबारी और राज्य प्रगति पक्ष के एकमात्र विधायक जी जनार्दन रेड्डी अपनी पत्नी अरुणा लक्ष्मी के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में वापस शामिल हो गये।



इस कदम की घोषणा सोमवार को यहां भाजपा नेताओं बीएस येदियुरप्पा और विजयेंद्र येदियुरप्पा की मौजूदगी में की गई, जिससे रेड्डी की भाजपा में वापसी हो गई।

श्री रेड्डी ने बिना किसी शर्त या पद की अपेक्षा के पार्टी में शामिल होने के अपने फैसले पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना अटूट समर्थन व्यक्त किया।

श्री रेड्डी ने यहां संवाददाताओं से कहा,आज मैं अपनी पार्टी का भाजपा में विलय करके भाजपा में शामिल हो गया। मैं बहुत खुश हूं कि मैं तीसरी बार श्री मोदी का समर्थन करने के लिए अपने घर वापस आया हूं। मैं बिना किसी शर्त के पार्टी में शामिल हुआ। मुझे किसी पद की जरूरत नहीं है।

श्री येदियुरप्पा ने श्री रेड्डी के फैसले की सराहना की और इसे एक ऐसे कदम के रूप में वर्णन किया जो भाजपा की ताकत को बढ़ाएगा तथा कर्नाटक में आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन को संभावित रूप से बढ़ाएगा। भाजपा का लक्ष्य राज्य की सभी 28 लोकसभा सीटें सुरक्षित करना है।

इससे पहले श्री रेड्डी ने कर्नाटक राज्य प्रगति पक्ष की स्थापना की थी और राज्य चुनाव में गंगावती विधानसभा सीट जीती थी।

खनन घोटाले से संबंधित कानूनी परेशानियों का सामना करने से पहले उन्होंने श्री येदियुरप्पा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में मंत्री के रूप में भी काम किया था।

आगामी 26 अप्रैल और सात मई को दो चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव तथा चार जून को वोटों की गिनती के साथ श्री रेड्डी का अपनी पत्नी और सहयोगियों के साथ भाजपा में प्रवेश कर्नाटक में पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण चुनावी घटनाक्रम के रूप में माना जा रहा है।

## यूपी: नशे और रफ्तार से होली हुई बदरंग, 24 मरे

**लखनऊ, 25 मार्च (एजेंसियां)।** रंगों के त्योहार होली में सोमवार को अलग अलग सड़क हादसों में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गयी वहीं नशेबाजी के चलते हुये विवाद में एक महिला समेत तीन लोगों की हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सड़क हादसों में मिर्जापुर में चार,संभल और मथुरा में तीन तीन , रायबरेली,बलिया,कौशांबी ,बाराबंकी और जौनपुर में दो दो और भदोही मे एक व्यक्ति की मौत हो गयी वहीं नशेबाजी में हुये विवाद में आगरा में एक युवक की पत्थर लगने से मौत हो गयी जबकि जौनपुर में डीजे पर डांस करने को लेकर हुयी मारपीट में एक युवक की पीट पीट कर हत्या कर दी गयी और नौ घायल हो गये। प्रतापगढ में दो भाइयों के विवाद में एक महिला की पीट पीट कर हत्या कर दी गयी।





जियागुडा पुलिस कालोनी में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली।

# पंच कोसी परिक्रमा पूरी, अंतिम दिन उमड़ा आस्था का सैलाब

### अव्यवस्था का रहा बोलबाला, अंतिम दिन सड़कों पर जाम में घंटों फंसे रहे लोग

**शोभित सीतापुरिया**

**मिश्रिख, 25 मार्च।** 84 कोसी के बाद रविवार को मिश्रिख की पावन भूमि पर पंच कोसी परिक्रमा के अंतिम दिन आस्था का सैलाब उमड़ा था। परिक्रमा, यज्ञ और भंडारा संपन्न होने के बाद रविवार को साधु-संतों के साथ लाखों श्रद्धालु अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। पुलिस-प्रशासन की कमजोर व्यवस्था के चलते सड़कों पर घंटों जाम लगा रहा और लोग कई-कई घंटे जाम में फंसे रहे, जिससे अव्यवस्था का बोलबाला रहा।

चौरासी कोसी परिक्रमा का दल अंतिम 11वें पड़ाव महर्षि दधीचि की नगरी मिश्रिख पहुंच गया था। इसके बाद भजन-कीर्तन और सियाराम के जयकारे लगाते श्रद्धालुओं ने पौराणिक दधीचि कुंड व सीता कुंड में स्नान किया। इसी क्रम में विश्राम के बाद मिश्रिख की पंच कोसी परिक्रमा शुरू हुई। पंच कोसी परिक्रमा के बाद श्रद्धालु अपने घरों के लिए रवाना हुए। सुबह कोल्हुआ बरेठी, चित्रकूट से श्रद्धालु मिश्रिख के लिए रवाना हुए थे। साधु-महात्मा व संत अपने विशेष रथों पर सवार थे। हाथी-घोड़ा तो कोई पालकी पर सवार था। परिक्रमा में शामिल गृहस्थ, पैदल और बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा पथ पर दंडवत नजर आए। विभिन्न प्रांतों से पहुंचे श्रद्धालु अपनी पारंपरिक शैली में भजन गाते चल रहे थे। कोल्हुआ से मिश्रिख तक परिक्रमार्थियों को स्वागत किया गया। जगह-जगह भंडारे आयोजित किए गए।काफी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन शनिवार से ही यहां होने लगा था। लेकिन, ज्यादातर परिक्रमार्थी रविवार को मिश्रिख पहुंचे, जिन्होंने अपना डेरा लगाया। साधु-महात्मा और संतों के डेरे भी लगे थे। विभिन्न परंपरा के साधु व महात्मा अपनी शैली में साधना में लीन दिखे। वहीं दधीचि कुंड और सीता कुंड पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहा। स्नान व ध्यान के बाद श्रद्धालुओं ने पंच कोसी परिक्रमा शुरू की। पंच कोसी परिक्रमा पथ राम-नाम के जयकारों से गूंज रहा था।



पहाडी श्याम मंदिर, महेन्द्रा हिल्स सिकन्दराबाद द्वारा होली के अवसर पर आयोजित श्याम संग होली के अन्तर्गत होली खेलते हुए पहाडी श्याम मंदिर के परामर्शदाता अरुण डाकोतिया एवं श्याम प्रेमी एवं भक्तगण।



कॉलेज स्टूडेंट्स एवं क्षेत्रीय नागरिक कमला नेहरू कॉलेज मैदान में होली का त्योहार मनाते हुए।

## रुद्राभिषेक कर सीएम योगी ने की जगत के कल्याण की प्रार्थना

**गोरखपुर, 25 मार्च (एजेंसियां)।** रंगोत्सव के खास और विरासतपूर्ण आयोजनों में शामिल होने के सिलसिले में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ रविवार से गोरखपुर प्रवास पर हैं। रविवार शाम को वह पांडेयहाता से निकलने वाली होलिका दहन शोभायात्रा में सम्मिलित हुए तो मंगलवार को घंटाघर से निकलने वाली भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा का शुभारंभ करेंगे। उत्सवी वातावरण के इस बेला में सोमवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ से लोकमंगल एवं चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की।गोरखनाथ मंदिर आवास के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प आदि अर्पित करने कर बाद दूध एवं गन्ने के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत उन्होंने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। रुद्राभिषेक अनुष्ठान के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, डॉ. अरविंद चतुर्वेदी, अश्वनी त्रिपाठी आदि भी उपस्थित रहे।

सोमवार सुबह रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़ खिलाया। गोशाला का भ्रमण कर सीएम योगी ने श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। सीएम योगी की जानी पहचानी आवाज सुनते ही गोवंश दौड़ते-मचलते उनके पास आ गए। सीएम योगी ने गोवंश के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

### हम सभी सीटें जीतेंगे : जयराम ठाकुर

## होली के बाद लोस चुनाव का भी मनाएंगे जश्न

**शिमला, 25 मार्च (एजेंसियां)।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेशवासियों को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। शिमला में अपने आवास पर होली समारोह के दौरान लोक गीतों पर जयराम ठाकुर ने लोगों के साथ नृत्य भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रंगों के इस त्योहार पर सभी को शुभकामनाएं। यह हम सभी के लिए खुशी की बात है कि हम सभी कड़वाहट को पीछे छोड़कर त्योहार मनाते हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि इस बार स्थिति अलग है, लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार लोकसभा का चुनाव और हिमाचल प्रदेश के उपचुनाव हमारे सामने हैं। हम उसका भी जश्न मनाएंगे।

जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की सभी चार सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा हो गई है उन सभी को जीत के लिए मेरी शुभकामनाएं, हम सभी सीटें जीतेंगे।

वहीं लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा द्वारा अभिनेत्री कंगना राणावत को मंडी से मैदान में उतारने पर विपक्ष के नेता ठाकुर ने कहा कि राजनीति का क्षेत्र उनके लिए नया हो सकता है, लेकिन मैंने देखा है कि उन्होंने जिस भी क्षेत्र में काम किया है उन्होंने हिमाचल का नाम रोशन किया है। ठाकुर ने आगे कहा कि उनकी एक साहसी छवि है और महिंदूवादी छविफ पर उनका स्पष्ट रुख है। मुझे विश्वास है कि वह राजनीति में चीजों को शानदार तरीके से संभाल लेंगी और मंडी संसदीय क्षेत्र से कंगना राणावत भारी अंतर से जीत दर्ज करेंगी।

## आम चुनाव के लिए कांग्रेस की छठी सूची जारी

### राजस्थान में चार, तमिलनाडु में एक उम्मीदवार का ऐलान

**नई दिल्ली, 25 मार्च (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की छठी सूची जारी कर दी है। इसमें राजस्थान के लिए चार और तमिलनाडु के लिए एक उम्मीदवार का ऐलान किया गया है। सूची में राजस्थान की अजमेर सीट से रामचंद्र चौधरी, राजसमंद से सुदर्शन रावत, भीलवाड़ा से डॉ. दामोदर गुर्जर और कोटा से प्रह्लाद गुंजल को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा तमिलनाडु की तिरुनलवेली लोकसभा सीट से एडवोकेट सी. रॉबर्ट ब्रूस को टिकट दिया गया है। इससे पहले बीते दिन कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी की थी। सूची में राजस्थान की दो लोकसभा सीट और महाराष्ट्र की एक लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों का ऐलान किया गया था।

इससे पहले शनिवार को कांग्रेस की चौथी सूची जारी की गई थी। इसमें 45 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया था। कांग्रेस ने राजस्थान की नागौर सीट राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के लिए छोड़ी थी। इससे पहले 21 मार्च को कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की थी, जिसमें 57 नामों को शामिल किया गया था। कांग्रेस की पहली सूची में 39 और दूसरी सूची में 43 उम्मीदवारों की घोषणा की गई थी।

## अंबाजोगाई में खुदाई के दौरान मिले दो प्राचीन मंदिरों के आधार

**छत्रपति संभाजीनगर, 25 मार्च (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र के पुरातत्व विभाग के हाथ बड़ी सफलता लगी है। राज्य के बीड जिले के अंबाजोगाई के पास सकलेश्वर मंदिर परिसर में चल रही खुदाई के दौरान दो मंदिर के आधार मिलने की पुष्टि हुई है। पुरातत्व विभाग से जुड़े एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

मामले के जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया कि सकलेश्वर मंदिर का निर्माण तकरीबन 1228 ईस्वी में यादव राजवंश द्वारा किया गया गया, जो पहले मिले एक शिलालेख के मुताबिक देवगिरि किले से शासन करते थे। इसे बाराखंबी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है।

राज्य पुरातत्व के सहायक निदेशक अमोल गोटे जानकारी देते हुए कहा कि सकलेश्वर मंदिर के परिसर में खुदाई 15 मार्च से शुरू हुई थी। प्रत्येक 100 वर्ग फुट की 14 खाइयां बनाई गई है। अपनी पुरातत्व खोज के दौरान हमें परिसर में दो मंदिरों के आधार मिले हैं, जिनमें से एक खोलेश्वर हैं। जिसका नाम एक यादव जनरल के नाम पर रखा गया है। खुदाई के दौरान हमें कुछ प्राचीन ईंटें भी मिली है। जो मंदिर के शिखर होने का प्रमाण देती है। साथ ही हाथ, पैर जैसे मूर्तिकला के हिस्से में खुदाई के दौरान सामने आए।

अमोल गोटे ने कहा कि इसी परियोजना के तहत हम अंबाजोगाई में प्राचीन स्मारकों का सर्वेक्षण भी करेंगे, जो क्षेत्र को विरासत गांव का दर्जा देने में बहुत मदद करेगा।

अंबाजोगाई शहर को पहले के समय में अमरापुर, जयंतीपुर, जोगायम्बे के नाम से भी जाना जाता था। इसे हैदराबाद निजाम काल के दौरान मोमिनाबाद के नाम से भी जाना जाता था। इसमें हत्थीखाना, दासोपंत मंदिर, योगेश्वरी मंदिर जैसे अन्य स्मारक भी हैं।

गौरतलब है कि पिछले साल अगस्त माह में पुरातत्व विभाग को महाराष्ट्र के औरंगाबाद में सदियों पुराने मकाई (मक्का) गेट के पास टैंक जैसी संरचना पाई गई है।

एक अधिकारी ने बताया था कि टैंक जैसी संरचना मिलने के बाद राज्य पुरातत्व विभाग ऐसी संरचनाओं को खोजने के लिए खुदाई करने के लिए प्रेरित हुआ। मकाई गेट का निर्माण 17वीं शताब्दी में मुगल काल के दौरान किया गया था। खाम नदी के तट पर स्थित यह गेट औरंगाबाद शहर के चारों ओर निर्मित किलेबंदी का हिस्सा है।

शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे

# बीआरएस ने हैदराबाद संसदीय सीट से गद्दम श्रीनिवास यादव को मैदान में उतारा



**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने सोमवार को घोषणा की कि गद्दम श्रीनिवास यादव तेलंगाना में हैदराबाद लोकसभा सीट से उसके उम्मीदवार होंगे। बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसी राव ने निर्वाचन क्षेत्र के पार्टी नेताओं के साथ परामर्श के बाद यह घोषणा की।

इसके साथ ही बीआरएस ने 13 मई को होने वाले चुनाव के लिए राज्य की सभी 17 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

श्रीनिवास यादव हाल के विधानसभा चुनावों में गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र से बीआरएस टिकट के इच्छुक थे। हालांकि, पार्टी ने वहां से नंद किशोर व्यास को मैदान में उतारा था।

हैदराबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का गढ़ है, जो पिछले चार दशकों से इस सीट पर जीत हासिल कर रही है। जब बीआरएस सत्ता में थी तब एआईएमआईएम उसकी मित्रवत पार्टी थी। हालांकि, राज्य में सत्ता में आने के बाद, कांग्रेस ने स्पष्ट रूप से एआईएमआईएम के साथ मतभेद सुधारने की कोशिश की और इसके प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी सत्तारूढ़ दल को सहयोग का आश्वासन दिया।

भाजपा ने पहले ही हैदराबाद से माधवी लता को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है, जबकि कांग्रेस ने अभी तक अपने दावेदार की घोषणा नहीं की है।

2019 में बीआरएस ने नौ सीटें जीती थीं। इसके पांच मौजूदा सांसद हाल ही में कांग्रेस और भाजपा में शामिल हुए हैं।

# विधायक की पत्नी ने महिला कांग्रेस नेताओं संग खेली होली



**यादगीरी गुट्टा, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विधायक एवं सरकारी सचेतक बिरला इलैया की पत्नी अनीता ने यादगिरिगुट्टा महिला कांग्रेस नेताओं के साथ होली उत्सव समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिला नेताओं में यादगिरिगुट्टा नगरपालिका अध्यक्ष सुधा, अलेरू निर्वाचन क्षेत्र कांग्रेस पार्टी महिला प्रभारी गुडलार्थी वरलक्ष्मी, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सीलम कस्तूरी, नगर महिला अध्यक्ष गुंडू ज्योति गौड़, पार्षद अरुणा, मुखिया वेंकटम्मा और अन्य ने भाग लिया।

# अलेरू विधायक बिरला इलैया ने बंजारों के साथ मनाई होली



**यादगीरी गुट्टा, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सरकारी सचेतक एवं अलेरू विधायक बिरला इलैया ने तुर्कापल्ली मंडल के आदिवासियों एवं बंजारों के साथ होली समारोह में भाग लिया। इस कार्यक्रम में मंडल कांग्रेस के नेता और बंजारे शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए बिरला इलैया ने कहा कि अलेरू निर्वाचन क्षेत्र के सभी लोग उनके परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि अलेरू विधानसभा क्षेत्र के सभी आदिवासी भाई उन्हें भारी बहुमत देकर जिताएं। उन्होंने कहा कि अगर आप सभी मुझे वोट और आशीर्वाद दिया इसके लिए मैं भाग्यशाली हूं कि आज आपके बीच होली का त्योहार मना रहा हूं। नागयापल्ली गांव के पीछे तुर्कापल्ली मंडल है और इस गांव के युवाओं ने गांव का विकास करने के लिए कहा और उन्हें आश्वासन दिया गया कि ऐसा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टियों से अलग होली समारोह में भाग लेने में उन्हें बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी की सरकार आई तो सबसे पहले महिलाओं के लिए मुफ्त आरटीसी यात्रा, 500 में गैस सिलेंडर और मुफ्त बिजली योजनाएं लागू की गईं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार इस तरह से काम करेगी कि सभी गांवों का विकास किया जाएगा।

# गायों से भरा वाहन रोकने पर दो पक्षों में नोकझोंक, हाथापाई



**कागजनगर, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कल रात बजरंग दल के सदस्यों ने सिरपुर टी से हैदराबाद की ओर अवैध रूप से ले जाई जा रही गायों के एक वाहन को रोक लिया। बजरंग दल के सदस्यों ने सिरपुर टी मंडल केंद्र के डाउनल में वाहन को रोका और स्टेशन पुलिस को सूचित किया। पुलिस को वहां पहुंचने में थोड़ी देर हो गई तो एक समुदाय के सैकड़ों लोग वहां पहुंच गए और बजरंग दल के सदस्यों पर हमला कर दिया। इस हमले में बजरंग दल के कई सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने वहां पहुंचकर दोनों पक्षों को तितर-बितर कर दिया। दोनों गुटों के बीच तीखी बहस भी हुई।

बजरंग दल के सदस्य उस वक्त भड़क गए जब एक समुदाय के व्यक्ति ने कहा कि केवल हम ही नही बल्कि आपके हिंदू समुदाय के लोग भी गोमांस खाते हैं। बाद में पुलिस ने खुद ही उक्त वाहन को वहां से भेज दिया और तनाव बढ़ गया। कोउटाला सीआई ने वाहन को सिरपुर टी रेलवे फाटक पर पकड़ लिया और थाने ले गए। सीआई के इस आश्वासन पर कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा, बजरंग दल के सदस्यों ने अपना आंदोलन रोक दिया। बजरंग दल जिला संयोजक शिव गौड़, सिरपुर टी मंडल जेडपीटीसी सत्यनारायण, कागजनगर टाउन भाजपा अध्यक्ष सिंदम श्रीनिवास, भाजपा नेता डिब्बेटी श्रीनिवास, अशोक आर्य, प्रशांत, गज्जेला लक्ष्मण ने चेतावनी दी कि अगर गायों को अवैध रूप से ले जाया गया तो बजरंग दल चुप नहीं बैठेगा।

# बड़ा हादसा: होली पर्व पर नहाने गए चार युवकों की नदी में डूबने से मौत



**आसिफाबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** होली के त्योहार के दौरान कुमरमभीम आसिफाबाद जिला के कौटाला मंडल में एक बड़ा हादसा हो गया। कुमरमभीम आसिफाबाद जिले में होली मनाने के बाद नहाने गये चार लोगों की मौत हो गई। कुमरम भीम जिला कौटाला मंडल की वर्धा नदी में नहाने गए चार युवक लापता हो गए। जिनकी तलाश में पुलिस ने गोताखोरों की मदद से चार शवों को बाहर निकाला।

मृतकों की पहचान नदीमाबाद के संतोष, प्रवीण, कमलाकर और साई के रूप में हुई है। शवों को कौटाला अस्पताल ले जाया गया। युवकों की मौत से गांव में मातम छा गया।

वहीं मंचिरयाला जिले के दांडेपल्ली मंडल के थानिमाड्डुगु में लिफ्ट सिंचाई नहर में नहाने गए एक अन्य युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जन्नाराम मंडल के धर्माराम गांव निवासी कार्तिक के रूप में की गई है। इस बीच देशभर में होली के जश्न के कारण कई जगहों पर हादसे हो गए। जिन परिवारों को खुश होना चाहिए था उनमें उदासी छा गई। जिससे उनके परिवारों में दुख का माहौल बन गया।

# फोन टैपिंग मामले में बीआरएस के कुछ नेताओं को जल्द मिल सकती है नोटिस !




**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** फोन टैपिंग और सबूत नष्ट करने के मामले की जांच तेज होती दिख रही है क्योंकि विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों को डी प्रणीत राव से महत्वपूर्ण विवरण मिलने की जानकारी मिली है, जिन्हें 13 मार्च, 2024 को गिरफ्तार किया गया था।

विधानसभा चुनाव में बीआरएस की हार के बाद 50 हार्ड डिस्क को नष्ट कर डेटा मिटाने के आरोप में स्पेशल इंटेलिजेंस ब्यूरो (एसआईबी) के पूर्व डीएसपी प्रणीत राव को गिरफ्तार किया गया था।

उन्हें निलंबित कर दिया गया और उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया। एसआईटी अधिकारी इन आरोपों की जांच कर रहे हैं कि पिछली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार के निर्देश पर एसआईबी अधिकारियों ने विपक्षी नेताओं के फोन टैप किए थे। पूछताछ के दौरान प्रणीत राव ने कथित तौर पर मामले में शामिल कुछ राजनीतिक नेताओं और अन्य अधिकारियों के नामों का खुलासा किया है।

ऐसा कहा जा रहा है कि जांचकर्ता जल्द ही कम से कम दो प्रमुख बीआरएस नेताओं को नोटिस भेज सकते हैं। एसआईटी अधिकारियों को नेताओं से पूछताछ के बाद और जानकारी मिलने की उम्मीद है। विपक्षी बीआरएस के कुछ नेताओं ने मीडिया से कहा है कि फोन टैपिंग मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है। इस बीच, शहर की एक अदालत ने फोन टैपिंग और सबूत नष्ट करने के मामले में तेलंगाना पुलिस के दो अधिकारियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। भूपालपल्ली जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एन भुजंगा राव और हैदराबाद सिटी पुलिस के सिटी सिक्योरिटी विंग के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तिरुपतन्ना को रविवार को उनके आवास पर एक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया।

# एसपीएम के अड़ियल रुख के कारण ही लॉरी एसोसिएशन का विरोध प्रदर्शन जारी : किशोर बाबू

## पुलिस अधीक्षक समस्या को और बढ़ा रहे, वे प्रबंधन का भोंपू बन हमारे खिलाफ झूठे मामले बना रहे हैं



**कागजनगर, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कागजनगर लॉरी एसोसिएशन के अध्यक्ष वेन किशोर ने कहा कि एसपीएम प्रबंधन के अड़ियल रवैये के कारण लॉरी एसोसिएशन पिछले बीस दिनों से हड़ताल पर है। दीक्षा शिविर में आज उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह पिछले तीन दिनों से भूख हड़ताल पर हैं।

उन्होंने निर्णय लिया कि जब तक एसपीएम प्रबंधन उनकी कानूनी मांगों का समाधान नहीं करता तब तक वे विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे और और हड़ताल बंद नहीं करेंगे।उन्होंने कहा कि 2019 में वे हड़ताल पर गये थे तो तत्कालीन एसपीएम प्रबंधन ने उन्हें बातचीत के लिए बुलाया था और कई मांगों का समाधान किया था, लेकिन उन्हें 125 स्टेशनों तक कागज पहुंचाना था, इसके बावजूद उन्हें केवल 12 स्टेशनों तक परिवहन करने का मौका दिया गया। 2019 में मिल प्रबंधन ने उन्हें वार्ता के लिए बुलाया और उस समय जो वेतन तय हुआ था तब से आज पांच वर्षों तक वही किराया दिया जा रहा है। जबकि डीजल का रेट बढ़ गया है, टोल टैक्स बढ़ गया है और मेंटेनेंस भी बढ़ गया है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि पुराने किराये पर लॉरी चलाना उनके लिए बहुत मुश्किल हो गया है। इसीलिए उन्हें भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा।

उन्होंने कहा कि मिल प्रबंधन मुख्य मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है कि माल लोड होने पर लोड की मात्रा के अनुसार किराया दिया जाए और अनलोडिंग का बोझ लॉरी मालिकों पर न डाला जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि दूसरी कंपनियों में किराया कैसा है और उसके हिसाब से भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के दौरे पर आये मंत्री सीताक्का ने भी लॉरी मालिकों की मांगों को जायज बताया है, लेकिन यहां के अधिकारी अब भी मिल प्रबंधन की लीपापोती कर रहे हैं। वेन किशोर ने कहा कि हमारी समस्या बढ़ने का मूल कारण जिला के एसपी के. सुरेश कुमार हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करना चाहिए, लेकिन उनके खिलाफ झूठे मामले बनाना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि मिल प्रबंधन का कहना है कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन कई दौर की बातचीत के बावजूद प्रबंधन हमारी मांगों का समाधान नहीं न कर सिर्फ हठधर्मिता कर रहा है। उन्होंने प्रबंधन, जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों से उनकी उचित मांगों के समाधान के लिए सहयोग की अपील की।

# कैंसर स्क्रीनिंग एडवांस हेल्थ चेकअप कैम्प सम्पन्न



**हैदराबाद, 25 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कच्छी समाज की प्रमुख संस्था श्री कच्छी मित्र मंडल की हेल्थ (स्वास्थ्य) समिति द्वारा रामकोट स्थित श्री कच्छी भवन मे रविवार को कैंसर स्क्रीनिंग एडवान्स हेल्थ चेकअप कैम्प सम्पन्न हुआ।

कैम्प के प्रधान संयोजक दिनेश गोसर ने बताया कि शिविर प्रायोजक श्री कच्छी मित्र मंडल के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ ग्राईनाइट ग्रुप के सहयोग से दिप ट्रस्ट आदि के सहयोग से श्री कच्छी मित्र मंडल के सदस्यों के लिये रविवार को प्रात: 7 बजे से सायं 8 बजे तक आयोजित कैम्प का उद्घाटन केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मंत्री जी. किशन रेड्डी ने किया। अवसर पर जहीराबाद सांसद बी. बी. पाटील, पूर्व विधायक प्रेमसिंह राठौड, हिमायत नगर पार्षद महालक्ष्मी गौड, वीआरएस नेता रमणा गौड, बीजेपी गोलकोंडा जिला अध्यक्ष गौतम राव, लव फॉर काऊ चेयरमेन जसमत पटेल, मैनेजिंग ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, जागीरदार फाउंडेशन की अध्यक्षा जया जागीरदार, जैन माईनोरिटी फाउंडेशन के संयोजक मुकेश चौहान, श्री गुजराती प्रगती समाज के मंत्री राहुल छेडा आदि ने अतिथि के रूप में भाग लिया।

मंडल के सहमंत्री लहेरचंद लोडाया, कोषाध्यक्ष मनोज नागडा, केशवजीभाई छेडा, ट्रस्टी प्रदीप संघवी, रतीलाल छेडा तथा प्रेमचंद छेडा, कार्यकारीणी सदस्य दिनेश गोसर, विपुल निसर, पराग मारू, रिद्धीश जागीरदार, पूनम देढिया, अंकित वोरा, दिपेन सावला आदि उपस्थित थे।

संयोजक निलेश छेडा एवं दिपक सांईया ने आगे बताया कि कैम्प मे किम्स अस्पताल के डॉ. डी. मधु, डॉ. के. श्रीधर, डॉ. सय्यद नसीरूद्दिन, डॉ. अनवर अहमद, डॉ. वेंकटेशन पुन्ना, उमा केन्सर फाउंडेशन के जी. सुधीर तथा एसएसवी. डेन्टल अस्पताल के डॉ. बी. सुर्यकुमार, डॉ. जीएस प्रसाद रेड्डी, अंकुरा अस्पताल एवं डॉ. शांताबाई नरसिंग अस्पताल से डॉ. लक्ष्मी विशन काराणी, जोई अस्पताल की डॉ. स्वर्णश्री, फीनिक्स स्पीच एन्ड हियरींग सेन्टर की डॉ. प्रतिभा रेड्डी ने अपनी सेवाएं प्रदान की। समाज के 175 सदस्यों ने यह सुविधा का पहले आओ पहले पाओ के अनुसार नाम पंजीकृत कर लाभ लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.